CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, मंगलवार 16 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 292 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों: ओवैसी पेज 2



मोहम्मद सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने खेल टाइम्स



नेपाल: सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़ सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ कतर में जुटे 50 मुस्लिम देश पेज 12

## पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं, तीन बदलावों पर स्टे

# वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या तय: केंद्रीय बोर्ड में 4, राज्य में 3 होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शीर्ष अदालत ने कहा: अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रहेगी रोक


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर पूरी तरह से रोक लगाने से सोमवार को इन्कार कर दिया, लेकिन कहा अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित कानून के संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि हमने प्रत्येक धारा को दी गई चुनौती पर प्रथम दृष्ट्या विचार किया है। हमने पाया है कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्यायनिर्णयन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती और यह शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने अपने 128 पन्नों के फैसले में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि यद्यपि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है, फिर भी यह उचित होगा कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से चार और तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह बात एक गैर-मुस्लिम को मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देने वाले संशोधन पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए कही। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए वक्फ के लिए संपत्ति दान करने के लिए पांच साल तक इस्लाम का पालन करने के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि जब तक नियम नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश का मुस्लिम बोर्ड ने किया स्वागत



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समिति के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुस्लिम पक्ष की कुछ दलीलों को स्वीकार करने के अंतरिम आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। मौलाना ने कहा कि आज के जजमेंट में उच्चतम न्यायालय ने हमारी कुछ दलीलें स्वीकार कर उन प्रावधानो पर रोक लगाई है। हमे उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे दिया जाएगा।



### लोकतंत्र के हित में है वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय : किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत का निर्णय लोकतंत्र के हित में है। श्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को कहा कि यह देश के लिए बहुत अच्छा निर्णय है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के लिए यह बहुत अच्छा संकेत है। कुछ लोग बिना वजह के संसद के निर्णय को चुनौती देते हैं। उन्होंने कहा कि संसद के अधिकार को चुनौती नहीं दी जा सकती है। संसद में बने कानून के प्रावधान को लेकर चुनौती दी जा सकती है। सरकार ने शीर्ष अदालत में अधिनियम की मंशा और प्रावधान के बारे में बताया है। शीर्ष अदालत का फैसला लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

# एसआईआर: कोई भी गड़बड़ी मिली, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7अक्टूबर की तारीख तय की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है।

अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है।

### ...तो 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायाधीश न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि राजनीतिक दलों पर ये अधिनियम लागू करने से 'भानुमती का पिटारा' खुल जाएगा तथा यह ब्लैकमेल और दुरुपयोग का एक साधन बन जाएगा। पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के संबंधित फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि माफ कीजिए! खारिज!

### एक करोड़ के इनामी नक्सली सहदेव सहित 3 नक्सली ढेर

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी माओवादी सहदेव सोरेन और उसके दो साथी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ सोमवार सुबह हजारीबाग के पनतीतरी जंगल में हुई, जो बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा पर स्थित है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सहदेव सोरेन किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर कोबरा बटालियन, गिरिडीह और हजारीबाग पुलिस की एक संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान माओवादियों के दस्ते से उनकी मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए तलाशी अभियान में तीन शव बरामद हुए, जिनकी पहचान एक करोड़ के इनामी सहदेव सोरेन, 25 लाख के इनामी रघुनाथ हेम्ब्रम और 10 लाख के इनामी बिरसेन गंझू के रूप में हुई है। इनके पास से तीन एके-47 राइफलें भी बरामद हुई हैं।

### वित्त मंत्रालय कर्मी की मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रिंग रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय में कार्यरत कर्मचारी नवजोत सिंह की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। श्री सिंह वित्त मंत्रालय के उपसचिव के पद पर तैनात थे। दिल्ली कैंट क्षेत्र में रिंग रोड पर हुए दर्दनाक बीएमडब्ल्यू हादसे ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यदि हादसे के बाद नवजोत सिंह को तुरंत नज़दीकी बड़े अस्पताल पहुंचाया जाता, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी? पत्नी संदीप कौर का कहना है कि हादसे के बाद उनके पति की सांसें चल रही थीं, लेकिन आरोपी महिला चालक उन्हें नज़दीकी अस्पताल ले जाने के बजाय 19 किलोमीटर दूर एक छोटे अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने नवजोत को मृत घोषित कर दिया।

### अगस्त में थोक मुद्रास्फीति दर 0.52 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** खाने-पीने के सामानों, खासकर विनिर्मित खाद्य उत्पादों, के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की सालाना दर इस साल अगस्त में बढ़कर 0.52 प्रतिशत दर्ज की गई, जो इस साल अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार दो महीने शून्य से नीचे रहने के बाद थोक महंगाई बढ़ी है। इससे पहले, जुलाई में यह शून्य से 0.58 प्रतिशत और जून में 0.13 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई थी। खाद्य पदार्थों की थोक मुद्रास्फीति दर भी 0.21 प्रतिशत रही जो जुलाई में शून्य से 2.15 प्रतिशत नीचे थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में प्राथमिक उत्पादों की मुद्रास्फीति दर शून्य से 2.10 फीसदी नीचे रही। ईंधन एवं बिजली वर्ग में मुद्रास्फीति दर 3.17 प्रतिशत और विनिर्मित वस्तुओं के वर्ग में 2.55 प्रतिशत रही।

# अमृतसर व गुरदासपुर में बाढ़ पीड़ितों से मिले राहुल



**चंडीगढ़।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब दौरे पर पहुंचे। राहुल गांधी अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे।

वहां से अजनाला, रामदास के गांव में जाकर लोगों से मिले। राहुल गांधी रामदास स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा जी साहिब में भी नतमस्तक हुए। इसके बाद वह गुरदासपुर गए और वहां के हालातों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी की। राहुल गांधी हवाई सर्वे के बजाय सीधे गांव-गांव जाकर लोगों से रूबरू हो रहे हैं। राहुल गांधी के पंजाब दौरे पर लुधियाना के पूर्व सांसद और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिटटू ने तंज कसा है।

# भारत की बेरोजगारी दर में आई गिरावट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अगस्त में लगातार दूसरे महीने घटकर 5.1 फीसदी पर रही


**नई दिल्ली।** अगस्त 2025 में भारत की समग्र बेरोजगारी दर गिरकर 5.1 प्रतिशत हो गई। यह दर लगातार दूसरे महीने घटी है, जून में 5.6 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा अब अगस्त में 5.1 प्रतिशत हो गई है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह बात कही गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर अगस्त में घटकर 5.0 फीसदी हो गई, जो अप्रैल 2025 के बाद से सबसे कम है। शहरी पुरुष बेरोजगारी जुलाई में 6.6 फीसदी से घटकर अगस्त में 5.9 फीसदी हो गई, जबकि ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी घटकर 4.5 फीसदी हो गई। ग्रामीण बेरोज़गारी दर लगातार तीन महीनों तक गिरती रही, मई में 5.1फीसदी से अगस्त में 4.3फीसदी तक। ग्रामीण और शहरी बेरोज़गारी दर मिलाकर 5.1 फीसदी रही।

# घुसपैठ खत्म करने की मोदी की गारंटी

पटना, वार्ता

■ बिहार के सीमांचल में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने दिया देश को संदेश



**बिहार में** चुनाव की अधिसूचना अगले माह के पहले हफ्ते में जारी होने के आसार हैं। चुनाव को लेकर घमासान जारी है। विपक्ष मतदाता सूची प्रारूप को लेकर चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। इन सबके बीच पीएम मोदी ने उस क्षेत्र से बड़ा ऐलान किया है, जहां सबसे अधिक घुसपैठ होने के आरोप लगते हैं।

पीएम मोदी ने पूर्णिया के शीशाबाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर हालत में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। अब इस देश में उनकी मनमानी नहीं चलेगी। यह मोदी की गारंटी है कि हर हाल में घुसपैठियों पर कार्रवाई होगी। आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो गया है। बिहार, बंगाल और असम के लोग अपनी बहन बेटियों के लिए चिंतित हैं। इसलिए मैंने लालकिले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। लेकिन, कांग्रेस और राजद के लोग घुसपैठियों की वकालत कर रहे हैं। उन्हें बचाने में लगे हैं। बेशर्मी के साथ विदेश से आने वाले घुसपैठियों को बचाने के लिए यह लोग नारे लगा रहे हैं। यात्राएं निकाल रहे हैं। यह लोग बिहार और देश के संसाधन और सुरक्षा दोनों को दांव पर लगाना चाहते हैं। आज पूर्णिया की इस धरती से मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं। यह राजद और कांग्रेस की जमात कान खोलकर मेरी बात सुन लो, जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा।

# हर थाने में सीसीटीवी कैमरे जरूरी: शीर्ष अदालत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: पुलिस थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में हो रही मुश्किल, 26 को आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे की कमी से जुड़े मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि थानों में सीसीटीवी न होने से निगरानी में मुश्किल हो रही है।

कोर्ट ने राजस्थान से जुड़ी एक रिपोर्ट पर एक्शन लेते हुए सुनवाई की। इस मामले में फैसला 26 सितम्बर को आएगा। बेंच अपने आदेश में पुलिस स्टेशन और जांच एजेंसियों के दफ्तरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार को भी निर्देश दे सकती है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह मुद्दा निगरानी का है। कल को अधिकारी थाने में कैमरे बंद कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसा कंट्रोल रूम चाहते हैं, जिसमें इंसानी दखल कम से कम हो। जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि पुलिस थानों की भी प्राइवेट एजेंसी से जांच करवानी चाहिए। हम आईआईटी को शामिल कर ऐसा सिस्टम बनाने पर विचार कर सकते हैं। वे हमें ऐसा सॉफ्टवेयर दें, जिससे हर सीसीटीवी फीड की निगरानी की जा सके। यह निगरानी भी मानवीय न होकर, पूरी तरह से एआई बेस्ड हो।



## अंबानी के वंतारा को क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: जानवरों की खरीद-बिक्री कानूनी, जैन मठ से हथिनी की शिफ्टिंग पर विवाद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल ने रिलायंस फाउंडेशन के वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वंतारा' को क्लीन चिट दी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने शीर्ष अदालत की ओर से गठित जांच दल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मौखिक रूप से कहा कि पशुओं को गोद लेकर उसकी देखभाल करने के मामले में नियमों की अनदेखी करने समेत अन्य आरोपों में प्रथम दृष्ट्या सच्चाई नहीं दिखती। पीठ ने आगे कहा कि न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल को कोई गड़बड़ी नहीं मिली। अदालत ने कहा कि पशुओं को गोद लेना नियामक तंत्र के अंतर्गत आता है। अदालत ने कहा कि न्यायालय इस रिपोर्ट को अपने आदेश का हिस्सा बनाएगा। वंतारा रिलायंस फाउंडेशन के तहत अनंत अंबानी द्वारा जामनगर में विकसित 3,000 एकड़ का एक विशाल संरक्षण केंद्र है।

# मुंबई में भारी बारिश, ट्रैक डूबने से लोकल ट्रेनें लेट

■ हैदराबाद में बाढ़ के हालात, दो लोग बहे

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार को सुबह से लगातार बारिश के कारण मुंबई में कई जगह जलभराव और ट्रैफिक जाम हो गया। अंधेरी सबवे में डेढ़ फीट तक पानी भर जाने से पुलिस ने इसे बंद कर दिया।

दादर, कुर्ला और बांद्रा स्टेशनों पर पानी भरने से लोकल ट्रेनें 10-15 मिनट देरी से चल रही हैं। हैदराबाद में भी तेज बारिश जारी है। हबीब नगर इलाके में रविवार रात भारी बारिश के बाद दो लोग बाढ़ में बह गए। तीन डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं, लेकिन इलाके में पानी का बहाव अभी भी तेज है। रविवार को तय समय से 3 दिन पहले पश्चिमी राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। राजस्थान के श्रीगंगानगर, नागौर, जोधपुर और बीकानेर से मानसून विदा ले चुका है। अगले दो-तीन दिन में पंजाब और गुजरात के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौटना शुरू हो जाएगा। जबकि मध्य प्रदेश में मानसून दो हफ्ते और रहेगा। देश के अधिकांश हिस्सों से 15 अक्टूबर तक मानसून पूरी तरह लौट जाएगा। दक्षिण कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में बारिश जारी रह सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कश्मीर से दिल्ली के लिए पहली समर्पित पार्सल ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उपराज्यपाल ने आठ पार्सल वैन और 23 टन भार क्षमता वाली इस ट्रेन को कश्मीर घाटी के बडगाम रेलवे स्टेशन से दिल्ली के आदर्श नगर के लिए हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह नयी मालगाड़ी सेवा केंद्र शासित प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए अपनी उपज देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने घाटी में सेब उत्पादकों और व्यापारियों के लिए व्यापार एवं व्यवसाय के अवसरों के नए युग की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### ट्रेलर से टकराई टूरिस्ट बस, चार मरे, नौ घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में सोमवार तड़के अयोध्या से वाराणसी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक टूरिस्ट बस की ट्रेलर से हुयी टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से आए श्रद्धालु भगवान श्री राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हुए थे, जहां से वे बस से वाराणसी जा रहे थे कि सीहीपुर रेलवे क्रासिग के पास ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में बस टकरा गई और उसके अगले हिस्से के पर परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बस में सवार लगभग 50 यात्रियों में से चार की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# मुख्यमंत्री योगी ने लगाया जनता दरबार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुनीं समस्याएं और समाधान के लिए किया आश्वस्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पांच कालीदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए लगभग 50 पीड़ितों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में रायबरेली से आए किडनी व हर्ट के मरीज को योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा। तो उपलब्ध करा रही है सरकार इस दौरान आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिता सरकार करेगी।

### गाजीपुर नोनहरा कांड: सीएम ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिवार के साथ एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच साल वाला नियम सिर्फ मुस्लिमों के लिए क्यों

नई दिल्ली, वार्ता



- वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ओवैसी की तीखी प्रतिक्रिया

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट कोर्ट के अंतरिम फैसले को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है।

ओवैसी ने कहा कि यह अंतरिम आदेश है। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो। यह फैसला एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए कानून से वक्फ की संपत्तियों को बचाने में मदद नहीं करेगा। इससे अतिक्रमण करने वालों को फायदा मिलेगा। वक्फ की संपत्तियों का विकास नहीं हो पाए। हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट जल्द ही अंतिम फैसला सुनाएगा। उन्होंने कहा कि सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति श्जहां तक संभव होश मुस्लिम होना चाहिए। अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी? खुफिया विभाग (आईबी) में कितने मुसलमान अधिकारी हैं? वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे। क्यों? यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। सोचिए अगर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे। हैदराबाद सांसद ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रावधान पर पूरी तरह तरह से रोक नहीं लगाई है कि संबंधित व्यक्ति को कम से कम पांच साल से इस्लाम धर्म को मानने वाला होना चाहिए।

कोई भी ऐसा कानून नहीं है जो किसी धर्म के व्यक्ति को दूसरे धर्म को दान देने से रोकता हो। संविधान के अनुच्छेद 300 के मुताबिक मैं अपनी संपत्ति जिसे चाहूं, उसे दे सकता हूं। तो फिर केवल इस (इस्लाम) धर्म के लिए ऐसा प्रावधान क्यों बनाया गया है? भाजपा को बताना चाहिए कि अब तक कितने लोगों ने धर्म बदलने के बाद वक्फ को संपत्ति दान की है। कलेक्टर जांच वाला प्रावधान जरूर रोका गया है, लेकिन कलेक्टर के पास सर्वे कराने की ताकत अभी भी है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की कुछ अहम धाराओं पर रोक लगा दी है।

## कांग्रेस ने आदेश का स्वागत करते हुए फैसले को न्याय संगत बताया

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश विपक्ष की जीत

नई दिल्ली, वार्ता



- कहा: संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न दलों के सदस्यों की सभी असहमतियां सही साबित हुई
- बिहार के भागलपुर में ओने-पौने दाम पर किसान की जमीन अडानी को दी गई: पवन खेड़ा

कांग्रेस ने वक्फ कानून पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए इसे न्याय संगत बताया और कहा कि यह निर्णय उन राजनीतिक दलों तथा संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों की जीत है, जिन्होंने संसद में इसका विरोध किया था और संसदीय समिति में इसे लेकर अपने असहमति पत्र पेश किए थे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश संसद में इसका विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के साथ ही संयुक्त संसदीय समिति के उन सदस्यों की भी जीत है, जिन्होंने इसको लेकर विस्तार से अपने असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के असहमति पत्रों को तब भले ही नकार दिया गया हो, लेकिन आज वे सभी असहमतियां सही साबित हुई हैं। रमेश ने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के वकीलों ने तर्क दिया था कि इस कानून के जरिए ऐसा ढांचा तैयार किया जा रहा है कि कोई भी इसकी स्थिति को चुनौती दे सकता है। ऐसे मुकदमों की वजह से संपत्ति की स्थिति अनिश्चित रहेगी। इन नियमों को जोड़ने की मंशा मतदाताओं को प्रभावित करते रहने तथा विवाद को उलझाए रखनी की प्रतीत होती है। अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कानून के तहत कलेक्टर को मिले अधिकारों पर रोक लगा दी है और मौजूदा वक्फ संपत्तियों को संदिग्ध चुनौतियों से बचाने और नियम बनने तक मुस्लिम होने के प्रमाण की आवश्यकता वाले प्रावधान को पांच साल के लिए रोक दिया है। रमेश ने कहा कि हम इस आदेश का स्वागत करते हैं और इस आदेश को न्याय, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों की जीत के रूप में स्वीकार करते हैं। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार के भागलपुर में किसानों की जमीन ओने पौने दाम पर ऊर्जा संयंत्र निर्माण के लिए मोदी के करीबी उद्योगपति गौतम अडानी को दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि बिहार की भागलपुर में गौतम अडानी की ऊर्जा संयंत्र के लिए 10 लाख आम, लीची सागवान के पेड़ काटकर किसानों की 1050 एकड़ जमीन एक रुपए की लीज पर उद्योगपति अडानी को 33 साल के लिए दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संयंत्र को लगाने का प्रस्ताव बजट में किया था, लेकिन बाद में तय किया गया कि किसी निजी कंपनी को संयंत्र दिया जाए।

### वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी: नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ कानून आस्था के संरक्षण की गारंटी और वक्फ के प्रशासनिक व्यवस्था के ऐतिहासिक सुधार से सम्बंधित है। नकवी ने वक्फ कानून के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि यह संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) और दोनों सदनों में चर्चा के बाद पारित हुआ। संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक वार करने वाली लूट की लम्पट लाबी लूट पर छूट के लीगल लाइसेंस की बहाली चाहती है, वक्फ सुधार वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत है। इस कानून पर चल रहे मंथन से अमृत ज़रूर निकलेगा।

# अखिल भारतीय गाली पार्टी बन गई है कांग्रेस: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी का स्वरूप ले चुकी है, क्योंकि उसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कुछ भी ख्याल नहीं है।

चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने का या किसी बात का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध करने का सभी को अधिकार है, लेकिन जनता द्वारा लगातार नकारे जाने से हताश और निराश कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर अमर्यादित आचरण और अशिष्टता की सारी हद पार करने के काम कर रही है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के चित्र के साथ कांग्रेसियों ने आचरण किया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस से मर्यादित आचरण की अपेक्षा करना बेकार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता के मंच से प्रधानमंत्री की दिवंगत माताजी के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया जाता है। वास्तव में कांग्रेस अब अखिल भारतीय गाली पार्टी बन चुकी है। जैसे इसके नेता, वैसे कार्यकर्ता! इनकी जितनी भी निंदा की जाए कम ही है। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का रास्ता रोकने वाले उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया है। रविवार को लखनऊ में कांग्रेस की बैठक में पायदान पर दिनेश प्रताप सिंह का फोटो चिपकाया, जिसको लेकर भाजपा ने तीखा विरोध जताया है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 81785.74

निफ्टी 25069.20

सोना रु. 109223 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 124267 प्रति किलो



# घरेलू बाजारों में मुनाफा वसूली, प्रमुख सूचकांक टूटे

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को दिग्गज और बड़ी कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुए, जबकि मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 118.96 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 81,785.74 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 44.80 अंक यानी 0.18 फीसदी नीचे 25,069.20 अंक पर आ गया। आईटी, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों पर दबाव रहा। रियलिटी, सार्वजनिक बैंकों और तेल एवं गैस सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स 20.81 अंक की तेजी के साथ 81,925.51 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में चला गया। यह ऊपर 81,998.51 अंक और नीचे 81,744.70 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 4.90 अंक चढ़कर 25,118.90 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 25,138.45 अंक और निचला स्तर 25,048.75 अंक रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत निवेशकों ने मझौली और छोटी कंपनियों में निवेश किया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.47 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत मजबूत हुआ। ,

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर लाल निशान में और शेष 10 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 1.67 प्रतिशत लुढ़क गया। एशियन पेंट्स में 1.66 प्रतिशत, इंफोसिस में 1.15 प्रतिशत, टाइटन में 1.14 फीसदी, सनफार्मा में 0.85 प्रतिशत और टीसीएस में 0.72 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के शेयर लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 0.58 प्रतिशत, अल्ट्राटेक का शेयर 0.46 प्रतिशत और एलएंडटी का 0.33 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त में रहे। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई सूचकांक 0.89 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.35 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01 फीसदी ऊपर था।

### इंडिगो एथेंस के लिए शुरू करेगी उड़ान सेवा

**नई दिल्ली।** यात्री संख्या के मामले में देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ग्रीस के एथेंस शहर के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइंस ने सोमवार को बताया कि वह जनवरी 2026 के पूर्वार्द्ध में एथेंस को अपने नेटवर्क में शामिल करेगी, जो ग्रीस का ऐतिहासिक शहर है।

उसकी योजना दिल्ली और मुंबई से एथेंस के लिए सेवा शुरू करने की है। इस मार्ग के साथ वह अपने बेड़े में पहली बार शामिल ए321एक्सएलआर विमान के परिचालन की भी शुरुआत करेगी। अभी इसके लिए नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स ने कहा कि भारत और ग्रीस के बीच उड़ान की घोषणा करने वाली इंडिगो एक मात्र भारतीय एयरलाइंस है। बाद में ग्रीस के दूसरे शहरों के लिए भी उड़ाने शुरू करने की योजना है।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालें महंगी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। चीनी में भी मजबूती रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दालों के दाम भी बढ़ गए।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52.73 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 100 रुपये बढ़कर 3,843.27 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं आठ रुपये टूटकर 2,856.21 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 25 रुपये की गिरावट रही और यह 3,304.70 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। सूरजमुखी तेल 43 रुपये और सोया तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल टूटा, जबकि पाम ऑयल में 99 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मूंगफली तेल 57 रुपये और वनस्पति 80 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 222 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 64 रुपये और चना दाल में 144 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। वहीं, मूंग दाल 131 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 163 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 62 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7956.89 रुपये, मसूर काली 8169.81 रुपये, मूंग दाल 10115.63 रुपये, उड़द दाल 10435.98 रुपये, अरहर दाल 10649.16 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.21 रुपये और चावल 3843.27 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वक्फ बोर्ड...**

बन जाते, तब तक वक्फ संपत्ति घोषित करने से पहले पांच साल तक इस्लाम का पालन करने की शर्त (धारा 3(आर) पर भी रोक रहेगी। अदालत ने कहा कि बिना किसी तंत्र के यह (धारा) मनमानी शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। पीठ ने वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के प्रावधान पर के मामले में कहा कि फिलहाल राज्य वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाने चाहिए और केंद्रीय वक्फ बोर्ड में कुल मिलाकर चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाएंगे।

अदालत ने 22 मई को अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने 25 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने संशोधित वक्फ अधिनियम 2025 का बचाव करते हुए एक प्रारंभिक हलफनामा दायर किया। केंद्र ने संसद द्वारा पारित संवैधानिकता की धारणा वाले किसी भी कानून पर अदालत द्वारा किसी भी तरह की पूर्ण रोक का विरोध किया था।

अदालत ने तीन दिनों तक दलीलें सुनीं, जिसमें केंद्र ने तर्क दिया कि संसद द्वारा विधिवत अधिनियमित इस कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के लिए केवल कानूनी प्रस्ताव या काल्पनिक तर्क पर्याप्त नहीं हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दावा किया था कि वक्फ प्रबंधन ने स्मारकों का दुरुपयोग किया है। उसने दुकानों के लिए जगहें बनाई हैं और अनधिकृत परिवर्तन किए हैं। केंद्र सरकार ने पहले आश्वासन दिया था कि किसी भी वक्फ संपत्ति (जिसमें उपयोगकर्ता द्वारा स्थापित संपत्तियां भी शामिल हैं) को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उसने यह भी कहा था कि 2025 के अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत के समक्ष इस अधिनियम के खिलाफ 100 से अधिक याचिकाएं दायर की गई थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे पहले संसद ने दोनों सदनों - लोकसभा और राज्यसभा में गरमागरम बहस के बाद पारित किया था।

# महिला सशक्तिकरण एक आर्थिक आवश्यकता: बिरला

तिरुपति, वार्ता



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अनिवार्यता ही नहीं बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है और यह महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल तथा उद्यमिता में निवेश करके विकास का एक सशक्त सामाजिक-आर्थिक मॉडल बना सकता है।

बिरला ने महिला सशक्तिकरण पर संसदीय और विधानमंडलीय समितियों का प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन के संपन्न होने पर सोमवार को यहां कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अनिवार्यता ही नहीं, बल्कि एक आर्थिक आवश्यकता भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और उद्यमिता में निवेश करके, भारत मानव पूंजी का विशाल भंडार खोल सकता है और विकास का एक सशक्त सामाजिक- आर्थिक मॉडल बना सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व और योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन एक ऐसा मंच उपलब्ध कराते हैं, जहां केंद्र और राज्यों के जन प्रतिनिधि अपने अनुभवों के माध्यम से मिलकर विचार साझा कर सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र मात्र एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत मूल्य और जीवन का तरीका है। भारत, जिसे लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, ने सदियों से समानता, संवाद और भागीदारी के सिद्धांतों को कायम रखा है। महिला सशक्तिकरण को केवल कल्याण के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय विकास की नींव के रूप में माना जाना चाहिए। उन्होंने समाज सुधारकों जैसे सावित्रीबाई फुले की अग्रणी भूमिका को याद किया, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं की मुक्ति का समर्थन किया और महाराष्ट्र के उन विद्यालयों का उदाहरण दिया, जहां 100 प्रतिशत साक्षरता की दिशा में गांवों की वृद्ध महिलाओं को भी शिक्षित किया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## गांव नीलीखेड़ी स्थित फार्म हाउस से हुई गिरफ्तारी

# यौन शोषण में एक्टर उत्तर कुमार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** सोमवार तड़के गाजियाबाद पुलिस हरियाणवी फिल्म के एक्टर उत्तर कुमार को अमरोहा में सोते वक्त फार्म हाउस पर छापा मारकर गिरफ्तार कर साथ ले गई। पुलिस की इस कार्रवाई की ग्रामीणों को भनक तक नही लगीं। उत्तर कुमार पर साथ काम करने वाली अभिनेत्री ने यौन शोषण का केस दर्ज कराया था।

गाजियाबाद निवासी हरियाणवी फिल्मों के एक्टर उत्तर कुमार का मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी में 11 बीघा का फार्म हाउस हैं। 2020 में उत्तर कुमार के साथ एलबम में काम कर चुकी मूल रूप से हापुड़ निवासी पीड़िता ने कोर्ट के माध्यम से नोएडा के शालीमार गार्डन थाने में यौन शोषण व जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोप में केस दर्ज कराया था। आरोप है कि मामले में पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नही करने से पीड़िता संतुष्ट नही थी। बीती 6 सितंबर को पीड़िता ने पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर लखनऊ स्थित सीएम हाउस के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया था। इसके बाद मामला मीडिया में चर्चा में आने के बाद सोमवार को गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी अभिनेता को फार्म हाउस से गिरफ्तार कर लिया। वहीं सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि फिल्म अभिनेता की गिरफ्तारी से संबंधित धनौरा थाना पुलिस को कोई सूचना नही दी गई।



- नोएडा के शालीमार गार्डन थाने में दर्ज है मुकदमा
- अभिनेत्री ने सीएम आवास पहुंचकर आत्महत्या का किया था प्रयास

### तीन टीमों ने मारा छापा

**मंडी धनौरा।** उत्तर कुमार के नीलीखेड़ी स्थित फार्म हाउस पर गाजियाबाद पुलिस के साथ स्थानीय थाना पुलिस भी साथ थी। पीड़िता के सीएम हाउस पर आत्मदाह के प्रयास के बाद पुलिस हरकत में आई और गाजियाबाद पुलिस के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने आरोपी एक्टर की गिरफ्तारी को तीन टीमों का गठन किया। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### 'राजी बोल जा' ने मचाई थी धूम

**मंडी धनौरा।** अभिनेत्री को 'राजी बोल जा' गाने से पहचान मिली थी। 2020 में आया यह गाना लोगों के बीच बहुत पसंद किया गया था। इसके अलावा अभिनेत्री उत्तर कुमार के साथ कई और एल्बम में भी नजर आ चुकी हैं।

### धाकड़ छोरा से मिली पहचान

**मंडी धनौरा।** हरियाणवी फिल्म के एक्टर उत्तर कुमार को धाकड़ छोरा नाम से पहचान मिली हैं। वह खुद डायरेक्ट की हुई कई देहाती फिल्म व एलबमों में काम कर चुके हैं। उत्तर कुमार की अधिकतर देहाती फिल्में व एल्बम की शूटिंग अमरोहा जिले की हैं। उनके डायरेक्शन में बनी फिल्मों में अधिकांश कलाकार अमरोहा जिले के हैं। इसलिए यहां उनकी फिल्मों को काफी पसंद किया जाता हैं

# इस्लाम धर्म पर टिप्पणी से भड़के मुस्लिम

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, कार्रवाई को थाना घेरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूसरे संप्रदाय के युवक ने इस्लाम धर्म को लेकर आपत्ति. जनक टिप्पणी करते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। जानकारी पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में गुस्सा भड़क गया। वहीं, तनाव फैलने की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस तुरंत गांव पहुंची। लोगों से पूरे प्रकरण की जानकारी ली। वहीं, आरोपी युवक गांव से भाग गया। देर रात थाने पहुंचे लोगों ने तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

घटना रविवार देर रात की है। क्षेत्र के गांव दौलतपुर खुर्द के ग्रामीण एकत्र होकर नौगावां सादात थाने पहुंचे। शिकायती पत्र देते हुए उन्होंने बताया कि गांव के रहने वाले दूसरे संप्रदाय के एक युवक ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए इस्लाम धर्म को जोड़कर अपना एक आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इससे पूर्व भी वह इस तरह की हरकत कर चुका है। जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों में रोष बना है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस रात में ही गांव पहुंच गई। लोगों से जानकारी लेते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले युवक को काफी तलाश किया लेकिन वह गांव में नहीं मिला। इसके बाद पुलिस लोगों को समझाकर गांव से लौट गई। तहरीर देने में आसिफ अली, हनीफ खां, लियाकत, रफीक आदि प्रमुख रहे। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी युवक को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा, उसकी तलाश की जा रही है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



अमरोहा। आजाद रोड पर अतिक्रमण हटाती नगर पालिका की टीम।

# पालिका ने आजाद रोड से अतिक्रमण हटवाया

## अतिक्रमणकारियों से कर्मियों की नोकझोंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान महात्मा गांधी प्रतिमा से आजाद मार्ग होते हुए माधो सिनेमा, आई.एम. इंटर कॉलेज चौराहा, अर्जुन सिनेमा रोड, मंडी चौब चौराहा, मुरादाबादी गेट से कैलसा बाईपास चौराहे तक चला।

इस दौरान दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे सड़क पर अवैध रूप से रखे गए भट्टी, तख्त, फड़ सहित अन्य सामान जब्त किए गए। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने दुकानदारों को सख्त चेता. वनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर की सड़कों पर अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई में अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में कर अधीक्षक केशव प्रसाद, ओमव. ीर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, मोहित कुमार, अंजार अहमद, कमल शेखर, कामयाब अली, जावेद अख्तर, शजर अली, आसिम हसन, जैकी, अभिषेक, सुयश आदि सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# चाचा भतीजे को घायल करने में नौ पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में चाचा भतीजे को पीटकर घायल करने के आरा. ेप में पुलिस ने छह नामजदों सहित नौ लोगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

■ सलेमपुर गौसाईं में बीते दिन हुआ था विवाद

थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी शंकर सिंह द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 14 सितम्बर को सुबह साढ़े दस बजे उनका भाई छत्रपाल व पुत्र विनीत बाइक से खेत पर पानी लगाने जा रहे थे। फाटक के पास पहुंचने पर उन्हें गांव के लोगों ने घेर लिया और लोहे की रॉड आदि से मारपीट करके घायल कर दिया। शंकर की तहरीर पर पुलिस ने सौभित, मोहित, कृष्णा, अरूण, सुमित, अभिषेक व तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। घायल पक्ष का आरोप है कि हमलावर पक्ष का एक रिश्तेदार प्रशासनिक अधिकारी है, इस कारण ये लोग ज्यादा रौब दिखाते हैं।

# श्रद्धा, सत्संग, भागवत, प्रेम के बिना कोई किसी को नहीं पा सकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** नगर के जेएस हिंदू इण्टर कॉलेज के प्रांगण में सोमवार से श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक स्वामी यतीन्द्रिआनंद गिरि जी महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि, श्रद्धा, सत्संग और भागवत, प्रेम के बिना कोई किसको नहीं पा सकता, यह रामचरितमानस मुनियों का प्रिय है। उन्होंने श्रीराम कथा का चरित्र बताते हुए कहा कि श्री रामचरितमानस का प्रथम अध्याय बालकांड है, वर्णन करते हुए कहा कि श्री राम की बाल लीलाओं का वर्णन अतुलनीय है। श्री स्वामी जी ने रामचरितमानस का पाठ करते हुए प्रसंग सुनाया कहां कि रामचंद्र जी ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया। कहा कि राम कथा के श्रवण से घर में आनंद और कल्याण होता है। कथावाचक ने शिवजी अविनाशी हैं। कथा से पूर्व आर्य समाज मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन रहा जिसमें 201 महिलाएं कलश यात्रा अपने शीश पर कलश रख कर चल रही थीं। बैंड बाजे पर धार्मिक भजन हो रहे थे। यह कलश यात्रा कोर्ट चौराहे से बाजार कटरा सर्राफा बाजार, कोतवाली से होते हुए बड़ा बाजार से कथा स्थल हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंची। बाजार में कथा स्थल पर पुष्प वर्षा एवं शीतल जल तथा शरबत वितरण से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, राम सिंह सैनी, रमेश कलाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, हरीश, वीर सिंह, महावीर सिंह, सुधीर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, कमलेश सैनी, संयुक्त चौहान, मीनाक्षी वर्मा, प्रभा अग्रवाल, राहुल महेश्वरी, सुरेंद्र सक्सेना, आरके शर्मा, अमी पाल सिंह, अजय चतुर्वेदी, दिनेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

■ कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का शुभारंभ



# दो पक्षों में मारपीट, आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## दवाई डालकर पेड़ सुखाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पॉपुलर के पेड़ दवाई छिड़ककर सुखाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों ओर के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक गांव में यशवीर सिंह और दिनेश कुमार के परिवार रहते हैं। दिनेश का आरोप है कि उनके खेत में पॉपुलर के पेड़ लगे हुए हैं, यशवीर ने दवाई छिड़ककर पेड़ सूखा दिए। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान यशवीर, अरविंद, टिंकू और सौरभ ने मारपीट की। चाकू से भी हमला किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, यशवीर का आरोप है कि 14 सितंबर को वह अपने काम से घर लौट रहे थे। तभी दिनेश, मोनिश, गौरव और आदेश ने उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। पत्नी का कुछ दिन पहले ही ऑपरेशन हुआ था, इसके बावजूद पेट पर लात मार दी। भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष से आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

# ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चार लोग घायल

## नौगांवा रोड पर हुआ हादसा, ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग पर रविवार देर रात ट्रक और ट्रैक्टर की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो लोगों के अलावा पीछे चल रही बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर घायल हो गए। आनन-फानन में पुलिस ने चारों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दो की हालत चिंताजनक देखते हुए जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। वहीं, हादसा अंजाम देकर भाग रहे ट्रक चालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल मामले में तहरीर नहीं मिलने पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हादसा क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर के पास हुआ। सहारनपुर निवासी चालक फैजान झारखंड से ट्रक में माल भरकर गंगानगर की ओर जा रहा था वहीं रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव मदीपुरा का रहने वाला सोमवीर उर्फ भोलू तथा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलामतपुर के रहने वाले इस्तेखार, मुजाहिर व मुनाजिर नया गांव से नलकूप का बोरिंग कर घर लौट रहे थे। मुनाजिर व सोमवीर बाइक पर थे जबकि इस्तेखार व मुजा. हिर ट्रैक्टर में सवार थे। रज्जाकपुर से गुजरते समय ट्रक और ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी ट्रैक्टर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ट्रैक्टर सवार इस्तेखार और मुजाहिर हवा में उछलकर सड़क पर दूर जाकर गिरे जबकि चपेट में आने से पीछे बाइक पर सवार सोमवीर और मुनाजिर भी गंभीर घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। मौके पर भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने ट्रक चालक सलमान को पकड़कर हादसे की सूचना थाने में दे दी। थोड़ी ही देर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तुरंत घायलों को जिला अस्पताल में भिजवाते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं, प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने मुनाजिर व एक अन्य घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

# दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में पांच घायल

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनों और के 5 लोग घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए भेज दिया।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव देहरा मिलक निवासी जाहिद पुत्र नन्हे बीते दिन शाम के समय सड़क पर खड़ा हुआ था। आरोप है की पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी सलमान ने उसे देखते ही गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जाहिद का कहना है कि जब उसके चाचा नासिर बचाने आये तो ने उन्हें भी घेर लिया तथा दोनों की लाठी डंडों से पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरे पक्ष कहना है कि उनके साथ भी मारपीट की गई है। उनको लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह से घायल किया गया है। जिसमें जिसमें सलमान पुत्र शौकीन वह जसीम खां व सद्दाम भी घायल हो गये। एक पक्ष की ओर से जाहिद साहिल पुत्रगण नासिर पुत्र चाँद नाजिम पुत्र नासिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से सलमान सद्दाम जोसीन खां व फरमान पुत्रगण शौकीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों को मेडिकल कराने के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।

# ठेकेदार व चालक की मौत के मामले में न्याय की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सिंचाई विभाग के ठेकेदार देवऋषि व उनके चालक इंद्रदेव की मौत के मामले में ठेकेदार के पिता ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह ने न्याय की मांग की है। सोमवार की दोपहर में उनकी बेटी हेमलता की हालत भी बिगड़ गई और उन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अतरपाल सिंह ने मीडिया से बताया कि पुलिस उनके द्वारा बताए गए क्लु पर काम नहीं कर रही है। उन्हें जिन लोगों पर संदेह है उनपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि ठेकेदार व उनके चालक के शव 29 मई की सुबह को नगर के अवंतिकानगर स्थित कार्यालय परिसर में मिले थे। परिजनों का कहना है कि ठेकेदार व चालक की हत्या की गई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था जिसके बाद विसरा सुरक्षित रखा गया। अभी विसरा की रिपोर्ट भी नहीं आई है। सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिये अतरपाल सिंह, उनकी पुत्री हेमलता आदि सीओ ऑफिस गए थे। यहां पर हेमलता की हालत बिगड़ गई और उन्हें उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है।

■ ठेकेदार की बहन की हालत बिगड़ी, अस्पताल में कराया एडमिट



## चेयरमैन ने किया रामलीला ग्राउंड का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अद्धिकारी ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ रामलीला ग्राउंड का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को ग्राउंड सफाई के निर्देश दिए। सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष जुबैर अहमद व अधिशासी अधिकारी विपिन सेंगर ने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू व कमेटी के पदाधिकारियों के साथ रामलीला ग्राउंड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।अधिशासाी अधिकारी विपिन सेंगर ने कर्मचारियों को रामलीला से पहले ग्राउंड की सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए कमेटी के पदाधिकारियों ने पास में सोत नदी की सफाई व मच्छरों की दवाई छिड़काव की मांग की। इस मौके पर विपिन गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजीव तोमर, राजू चौधरी, अनिल त्यागी, राकेश त्यागी, गुड्डू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रोजगार सेवक के हत्यारोपियों से नौगांवा पुलिस हमसाज

## नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हो, जांच किसी दूसरे थाने से कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रोजगार सेवक की हत्या के मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिजनों ने नौगांवा पुलिस पर आरोपियों से हमसाज होने का आरोप लगाते उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग एसपी से की। आज एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मूंढाखेड़ा निवासी 50 वर्षीय राजकुमार सिंह अमरोहा ब्लॉक में रोजगार सेवक थे। 30 अगस्त की शाम वह अमरोहा ब्लॉक से विभागीय काम निपटाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में बोलेरो की टक्कर से उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। हादसा समझने वाले परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन, सात दिन पूर्व मामले में मृतक के बेटे सजल कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, उनके भाई जितेंद्र समेत सात लोगों पर सुनियोजित तरीके से पिता की हत्या का आरोप लगाया था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा अन्य साक्ष्य भी पुलिस को दिए थे लेकिन थाना पुलिस ने अभी तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। विवेचक पर आरोपियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए सोमवार को परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कहना था कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और धमकी दे रहे हैं। यह सब राजनीतिक दबाव के चलते हो रहा है। ऐसी स्थिति में पीड़ित परिवार को निष्पक्ष विवेचना और न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। इसलिए विवेचना जिले के किसी दूसरे थाने या क्राइम ब्रांच से कराई जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस दौरान सजल कुमार, राजेंद्र सिंह, योगेश्वर सिंह, राम सिंह, जयवीर सिंह, रोबिन कुमार, चेतराम सिंह, मंजू देवी, विमल देवी, वीरावती देवी, उषा देवी, बबिता देवी, निशि आदि मौजूद रहे।



# रीति रिवाज से हुआ रामलीला का झंडा पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रामलीला का झंडा पूजन पारंपरिक तरीके से किया गया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला का रीति रिवाज के साथ सुंदर मंचन किया जायेगा।

सोमवार को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से सटे रामलीला ग्राउंड में श्री शिव महामंडल रामलीला समिति द्वारा हनुमान जी के झंडे का पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी की मौजूदगी में भूमि पूजन और ध्वज वंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित महेश चंद्र शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। झंडा पूजन के दौरान पूरे ग्राउंड में धार्मिक गीतों और जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। कमेटी के संरक्षक राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया 20 सितंबर से रामलीला मंचन की शुरुआत हो जायेगी। 24 सितंबर को राम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी। 2 अक्टूबर को रावण दहन किया जायेगा। जबके 3 अक्टूबर को भारत मिलाप शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि रामलीला आयोजन की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने रामलीला कमेटी को हर संभव सहायता उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर योगेंद्र शर्मा, पुनीत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, जयपाल सिंह सैनी, गिरधारी लाल सैनी, विनोद भोज आदि मौजूद थे।



## हिन्दी दिवस पर मातृभाषा को बचाने पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** रविवार को लायनेस क्लब धनोरा परिवर्तन ने हिन्दी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने हिन्दी भाषा की वर्तमान स्थिति, उसकी दुर्दशा के कारणों और सुधार के उपायों पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कल्पना शर्मा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को हिन्दी बोलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने मिलकर इस बात पर गहन चर्चा की कि हिन्दी को कैसे सशक्त बनाया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी पहचान को कैसे सुरक्षित रखा जाए। इस अवसर पर कल्पना शर्मा, सुधा शर्मा, कंचन दत्त, सिम्मी अग्रवाल, सीमा यादव, श्वेता अग्रवाल सहित क्लब की अन्य महिलाएँ मौजूद रहीं।

## वाईएमएस कालेज में हिन्दी दिवस पर गोष्ठी




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के वाई एमएस डिग्री कॉलेज में सोमवार को हिन्दी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिन्दी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिन्दी भाषा की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक रियाज सैफी एवं कॉलिज प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. नाहीद परवीन ने की, जबकि संचालन का दायित्व हिन्दी विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने संभाला। प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ. मनु सिंह, डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. त्रेता देवी, शमा अख्तर, जयवीर सिंह, मोबीन अहमद, भोपाल सिंह, संजय सिंह, सोहन सिंह, सीमा परवीन सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पत्रकारों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हिन्दी दिवस पर नगर के बाईपास मार्ग स्थित द सेलिब्रेशन ग्रैंड बैंकट में प्रेस क्लब धनौरा रजिस्टर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के संरक्षक महिपाल सिंह ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हमारी असली पहचान है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करना चाहिए। बैठक में संरक्षक महिपाल सिंह, अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर भाटी, उपाध्यक्ष फैजान कुरैशी, महासचिव सचिन विश्नोई, सचिव सुमित अग्रवाल, परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, आरिफ कुरैशी मौजूद रहे।

# 12 घण्टे में पुलिस ने सकुशल बरामद किए लापता छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत थाना पुलिस ने मात्र 12 घण्टे के भीतर कोचिंग सेंटर से लापता हुए दो छात्रों को दिल्ली से सकुशल बरामद करते हुए परि. जनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का काम किया। बता दें कि नगर के जवाहरनगर में मोहित कुमार पुत्र बलराम सिंह का आरपीएस कोचिंग सेंटर एकेडमी है। यहां पर वे बच्चों को नवोदय परीक्षा आदि की कोचिंग देते हैं, उन्होंने हॉस्टल भी बना रखा है। बच्चे रात को भी यहीं पर रहते हैं। यहां पर 15

**■ शनिवार को कोचिंग सेंटर से हुए थे लापता**

वर्षीय छात्र प्रयांश पुत्र जितेन्द्र पाल व 12 वर्षीय छात्र अनुभव पुत्र लोकेश कुमार शनिवार की शाम सामान लेने की बात कहकर कोचिंग से निकले थे, जो कि वापस नहीं लौटे। रविवार को कोचिंग संचालक व बच्चों के माता पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी व सर्विलांस आदि माध्यम से अथक प्रयास करते हुए मात्र 12 घण्टे के भीतर नांगलोई नई दिल्ली से सकुशल



बरामद करते हुए परिजनों को सौंपा। परिजनों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। बरामद करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सहंसरपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह व वरि.आरक्षी संजीव शामिल रहे।

## खो-खो में फतेह सिंह कालेज ने बाजी मारी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** सोमवार को क्षेत्र गांव चुचौला कला स्थित लिटिल एंजिल्स इण्टर कालेज के मैदान में खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज, कृष्णा सारस्वत इण्टर कालेज, रतन बाबा टिकैत इंटर कॉलेज, सर्वोदय इंटर कॉलेज, एच एस पी इण्टर कालेज, एस पी एस इण्टर कालेज के छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता मे अंडर 17 बालक वर्ग मे फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज व लिटिल एंजिल्स इण्टर कालेज उपविजेता रहे। 14 वर्ष बालक वर्ग प्रतियोगिता मे कम्पोजिट विद्यालय ढियोटी व लिटिल एंजिल्स इण्टर कालेज उप विजेता रहे। 19 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता मे रतन बाबा टिकैत इंटर कॉलेज उपविजेता रहे।इस दौरान शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन के लिए हुआ भूमि पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** श्री धार्मिक रामल. ीला कमेटी अमरोहा द्वारा आयोजित आदर्श रामलीला महोत्सव 2025 का सोमवार को भूमि पूजन के माध्यम से शुभारंभ हो गया। पंडित बामदेव शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रो द्वारा सकुशल रामल. ीला मंचन के लिये भगवान से प्रार्थना की गई। भगवान गणेश, माता लक्ष्मी का पूजन किया गया और हवन के माध्यम से देवी देवताओं को प्रसन्न किया गया। इस बार आदर्श रामलीला महोत्सव (2025)में 23 सितंबर

**■ 23 सितम्बर को होगा मंचन का शुभारंभ**

2025 को मुकुट पूजन से भव्य उद्घाटन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रहेंगे। उस दिन का प्रसंग नारद मोह की लीला होगी। रामलीला महोत्सव में श्री राम बारात व भारत मिलाप शोभायात्रा रहेंगी। 02 अक्टूबर को दशहरा मेला रहेगा इसमें रावण, कुंभकरण ,मेघनाथ का पुतला दहन होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विमल कुमार टंडन, कमलेश



गोयल, मंत्री शारदुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष कुमार विनीत अग्रवाल, अनिल टंडन, अजय अग्रवाल, सचिन गोयल, अनुज गोयल, हरि सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्वक रूप से मिलजुल कर मनाएं त्यौहार: सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** आने वाले दिन त्यौहारों से भरे हुए हैं, ऐसे में पुलिस ने भी सभी त्यौहारों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ पूरा कराने के लिये चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को थाने में क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया की अध्यक्षता में विश्वकर्मा जयंती, दुर्गा

**■ थाने में त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक**

पूजा, रामलीला, दशहरा, धनतेरस, दीपावली आदि पर्वों के द्रष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सीओ अंजलि कटारिया ने कहा कि सभी लोग मैत्रीपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को



मिलजुलकर शांतिपूर्वक मनाएं। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह को प्रसारित न करें। पुलिस जनता की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से प्रतिवद्ध है, इसलिए कोई भी आवश्यकता होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने इस दौरान बैठक में सम्मिलित लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी गाइडलाइनों से रूबरू कराया। बैठक में नगर के व्यापारी, सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि मौजूद रहे।

## चौकीदारों को टार्च, छाते वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि, पुलिस विभाग के लिय चौकीदार भी अहम कड़ी है। इसी क्रम में सोमवार को थाने में आयोजित कार्यक्रम में चौकीदारों को छाता, आईडी कार्ड, टार्च एवं डंडे आदि वितरित किए गए। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्राम चौकीदार पूरी मेहनत से अपने काम को अंजाम दें। गांव की गतिविधियों पर नजर रखें और संदिग्ध लोगों व गांव में होने वाली घटनाओं की जानकारी पुलिस को समय से प्रदान करें। कहा कि चौकीदार पुलिस विभाग की एक अहम कड़ी हैं।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अक्टूबर तक सेवा पर्व के तहत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के संदर्भ में संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई। अभियान के तहत स्वास्थ्य इकाईयों पर स्वास्थ्य एवं रक्त दान शिविरों का आयोजन होगा। जिलाधिकारी ने अभियान को व्यापक और प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिये ।

उन्होंने समस्त सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

## 17 सितम्बर से मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा




जनप्रतिनिधियों द्वारा करवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सहयोगी विभागों को अभियान के संदर्भ में अपनी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी तैयारी को समय से पूर्ण करने और अभियान को वृहद स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया. मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की रूपरेखा से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पर्व के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का संच. ालन किया जायेगा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 मोनिका सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया, अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अचीवर्स एकेडमी व रुकमणि क्लब ने जीते मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एचीवर्स एकेडमी व रूकमणि एकेडमी ब्लू ने अपने अपने मैच जीत लिये।

रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी मथुरा और दूसरे मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ब्लू ने जीत हासिल की। पहला मुकाबला अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी मथुरा और एन एस क्रिकेट एकेडमी डींगरपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 30 ओवर में 9 विकेट




खोकर 134 रन बनाए। जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एन एस क्रिकेट एकेडमी 28.3 ओवर में 99 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी ने यह मैच 35 रन से जीत लिया। दूसरे मैच में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ब्लू टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.2 ओवरों में 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अपैक्स क्रिकेट एकेडमी 24.2 ओवर में 100 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी ब्लू ने 20 रन से जीत लिया। मैन आफ द मैच मोहम्मद शहरान व गेम चेंजर योगेश कांडपाल को चुना गया। अंपायर की भूमिका में मोहम्मद सायम और शहजाद अहमद रहे। स्कोरर मौहम्मद अलीम रहे। मैच के दौरान क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकघी, कोच मौहम्मद हसीन आदि मौजूद रहे।

# हिन्दी हमारी संस्कृति और पहचान

## संस्थापक नफीस अब्बासी को जन्मदिन पर किया याद




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कालिज अमरो. हा के संस्थापक स्व. नफीस अब्बासी के जन्म दिवस व हिन्दी दिवस पर कालेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिस की अध्यक्षता प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने की। कार्यक्रम में बोलते हुए हिंदी प्रवक्ता अर्चना शर्मा ने हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला उन्हों ने बताया कि अपने दैनिक प्रयोग में हिंदी को अधिक से अधिक सम्मिलित रखें। चीफ प्राक्टर डा. महताब अमरोहवी ने बताया कि हिंदी जहां एक भाषा है तो दूसरी ओर हमारी संस्कृति और प्राचीन गौरव है जिस पर हमें गर्व है। प्राचार्या डा.लुबना हामिद ने जहां हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार पर बल दिया तो दूसरी ओर उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक स्व नफीस अब्बासी के जीवन पर प्रकश डाला उन्हों ने कहा कि नफीस अब्बासी शांत स्वभाव के समाज सेवी हुए शिक्षा विद थे उन्होंने नायब अब्बासी डिग्री कालिज की स्थापना कर अमरोहा वासियों को एक अमूल्य उपहार दिया है जिस को भुलाया नहीं जा सकता। कार्क्रम में कसीम अशरफ, दुर्दाना अकरम फारूकी, डा. फरहा सिद्दीकी, डा.सरिता चौधरी, रोमाना आबिदी, डा.तश्कील हैदर आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 25 साल की कैद

## अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत सुनाया फैसला, 30 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषी को 25 साल कारावास की सजा सुनाई। जबकि 30 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव में हुई थी। यहां पर किसान का परिवार रहता है। 7 जुलाई 2024 की रात किसान अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर में सोए हुए थे। रात को करीब 2:30 बजे गांव का ही रहने वाला जावेद अली घर में घुस आया और किसान की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर परिवार के लोग जाग गए और आरोपी जावेद अली को मौके पर पकड़ लिया। बाद में परि. जनों ने जावेद अली को पुलिस के हवाले कर दिया था। मामले में किसान की तहरीर पर जावेद अली के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में पुलिस ने जावेद अली को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल में बंद है। नौगांवा सादात पुलिस ने मामले की विवेचना कर 31 अगस्त 2024 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में चल रही थी। सोमवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी जावेद अली को दोषी करार दिया। साथ ही उसे 25 साल के कारावास की सजा सुनाई और 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी रतनलाल लोधी ने बताया कि नए कानून के तहत महिला अपराध में जिले में यह दूसरी सजा है, जिसमें न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। उधर सजा सुनाए जाने के बाद पीड़िता के परिजनों ने राहत की सांस ली है। परिजनों ने कहा कि वे न्याय की उम्मीद लगाए बैठे थे। अदालत के फैसले ने उनके विश्वास को मजबूत किया है। परिजनों ने कहा कि अब उन्हें लगता है कि बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को कानून से कोई बचा नहीं सकता।

# बिना पंजीकरण चल रहे दो अस्पतालों की ओटी सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बिना पंजीकरण और नियमों को ताक पर रखकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले अस्पतालों पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चला। सोमवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापेमारी करते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दो निजी अस्पतालों की ओटी सील करा दी।

एसडीएम श्रीवास्तव ने शेरपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल पर दबिश दी। अधिकारियों को देख अस्पताल संचालक मौके से भाग निकला, जबकि मौजूद स्टाफ कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। जांच में ओटी अवैध रूप से संचालित पाई गई, जिस पर एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे सील करा दिया। इसके बाद टीम गांव नबाबपुरा स्थित एक निजी नर्सिंग होम पर पहुंची। यहां भी बिना पंजीकरण के ओटी संचालित हो रही थी। टीम ने मौके पर ओटी सील करते हुए संचालक के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा लोगों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध अस्पतालों पर लगातार अभियान चलेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि अस्पताल संचालकों को पहले ही नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया था, लेकिन कोई वैध कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए।

## हिन्दी का अधिकाधिक करें प्रयोग, करें सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल गजरौला में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर हिंदी भाषा की महत्ता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हंसिका, शानवी और श्री त्यागी ने हिंदी भाषा की भूमिका और उसकी सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा और उप प्रधानाचार्य रामपाल सिंह ने हिंदी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, हमें हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। शिक्षिका ममता अग्रवाल ने हिंदी की गुणवत्ता को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और मातृभाषा के प्रति सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि हमें हिंदी का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर माधवी कौशिक, धनवंत सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर हिंदी के संरक्षण और प्रसार हेतु अपने विचार साझा किए और हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** क्षेत्र के ग्राम देहरा में दबंगों ने पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने किसी तरह शोर मचाकर जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार, 13 सितंबर की शाम करीब 7:30 बजे फारुख निवासी ग्राम देहरा अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरो. पियों ने फारुख और उसके पुत्र नासिर पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारपीट में फारुख की कमर टूट गई, जबकि नासिर के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। उधर दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार शाम करीब 7:30 बजे युवक अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो दबंगों ने उस पर लाठी-डंडों और पत्तलों से हमला कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर उसका भाई बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। दोनों भाइयों को सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गए। घायल भाइयों ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तालाब किनारे मिला 5 माह के शिशु का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को कोट रतनपुर गांव में 5 माह का तालाब किनारे मिला भ्रूण, पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हम आपको बता दें कि जनपद बदायूँ के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के कोट रतनपुर गांव के तालाब के पास 5 माह का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं ग्रामीणों ने जिसकी सूचना बिसौली कोतवाली पुलिस को दी सूचना पर पहुंची बिसौली कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 5 माह के भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है पुलिस ने आसपास पूछताछ की तो किसी ने भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

# गांव के ही कुछ लोगों ने जंगल में धान की फसल रखवाली कर रहे किसानों पर किया हमला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली के अंतर्गत भमोरी के निवासी उमेश चन्द्र और इनका पुत्र अंकुर शर्मा अपने धान की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गए थे रात्रि में लगभग एक बजे के आसपास मेरे गांव के योगेश कुमार, अखिलेश, संदीप , कुलदीप, कौशल आदि लोग अपने अपने हाथों में भाला, हॉकी ,लाठी , डंडे , तमंचा लेकर खेत पर पहुंचे और हमें चारों तरफ से घेर लिया से घेर लिया और दोनों बाप बेटे पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया जिससे हम बच गए और शोर मचा दिया जिसको सुनकर परि. जनों में भाई दिनेश कुमार , भाभी ऊषा , पत्नी आशा आ गए जिन्होंने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन भाला, हॉकी, लाठी आदि से उन पर हमला कर दिया और रास्ते मे दिनेश चंद घेर कर भाले को मारकर मरा जान छोड़ कर भाग गए जिससे है सभी लोगों को गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें 112 पुलिस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र बिसौली भर्ती कराया गया जहां पर हालत गम्भीर रूप से देखकर जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया और दिनेश को सैफई रेफर कर दिया है। कोतवाली बिसौली के प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सैदपुर में सांसद ने छात्रों को बांटे टेबलेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बी.के. प्राइवेट आईटीआई सैदपुर में आईटीआई इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर के फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 स्टूडेंट्स को टेबलेट दिए गए। टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आदित्य यादव ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा आज की युवा पीढ़ी की प्रथम आवश्यकता है। विद्यार्थियों को इन टैबलेट्स का उपयोग अपना ज्ञान बढ़ाने में करना चाहिए। पी.के. प्राइवेट आईटीआई के मैनेजर डॉ. मो. फैजान खान ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को तकनीक का माध्यम प्रदान करना है। इस अवसर पर कालेज के प्रिंसिपल मो. शरीफ, मोहतशाम सिद्दीकी, विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव, शशांक यादव, डा. सरवर, डा. राकेश प्रजापति, गुड्डू पठान, सैय्यद स्वाले अली, मुजीब अहमद, रिजवान, तौकीर खान आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत से गुड़गांव जा रहें युवक की ट्रेन से गिरकर हुई मौत



पीएम हाउस पर जानकारी देते हुए परिजन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बिसौली। सोमवार को लक्ष्मीपुर और दबतोरा गांव के बीच ट्रेन से गिरकर एक युवक की हुई मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र में जहां पीलीभीत जनपद का एक युवक अपने तीन साथियों के साथ गुड़गांव मजदूरी करने के लिए जा रहा था और ट्रेन में गेट पर बैठकर सफर कर रहा था तभी युवक को अचानक से नींद आ गई और दबतोरा और लक्ष्मीपुर गांव के बीच युवक ट्रेन से गिर गया और युवक की मौत हो गई वहीं जब साथियों ने चंदौसी जाकर देखा तो युवक गायब था । तब उन्हें पता लगा कि युवा गिर गया है और उसकी मौत हो चुकी है वहीं बिसौली कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 12:00 बजे करीब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वहीं मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# एलआईसी मुख्य बीमा सलाहकार को पुत्र शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एलआईसी में मुख्य जीवन बीमा सलाहकार दबतोरी निवासी सुरेश मिश्रा के बड़े पुत्र नीरेंद्र कुमार मिश्रा (45) का आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके एक भाई राज मिश्रा एलआईसी में विकास अधिकारी व दूसरे भाई संदीप मिश्रा आईडीबीआई बैंक पटना में असिस्टेंट जोनल मैनेजर है। इनका दसवां पैतृक गाँव दबतोरी में शुक्रवार 19 सितम्बर को होगा।

# श्राद्ध तर्पण से प्रसन्न होते हैं पितर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** श्राद्ध पक्ष के पवित्र दिनों में लोगों ने अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पारंपरिक श्रद्धा और भक्तिभाव से श्राद्ध-तर्पण किया। धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों के साथ विशेष पूजा-अर्चना की, यज्ञ भगवान को आहुति दीं और अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पिंडदान और अन्नदान कर पितरों को तृप्त किया। श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में लोगों ने पवित्र नदियों, सरोवरों और तीर्थ स्थलों पर स्नान कर पिंडदान किया। पिंडदान के बाद देवताओं, गायों, श्वानों, कौओं और यहाँ तक कि चींटियों के लिए भी भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि ऐसा करने से पितर संतुष्ट होते हैं और आशीर्वाद देते हैं। यज्ञ स्थल वैदिक मंत्रों की गूंज से गूंजते रहे। इस दौरान विशेष यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की गूंज से वातावरण आध्यात्मिक और पावन बन गया। यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्राद्ध-तर्पण से पितर प्रसन्न होते हैं। उनके अनुदान और वरदान से परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि श्राद्ध केवल कर्मकांड भर नहीं है, बल्कि यह अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। यह परंपरा हमें हमारी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखती है और हमें यह संदेश देती है कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां अपने अतीत को कभी न भूलें। उन्होंने कहा कि पितरों की कृपा से परिवार की हर समस्या का समाधान होता है। श्राद्ध पक्ष में पूर्वजों को तर्पण और दान देने से उनके आशीर्वाद से जीवन में खुशहाली आती है। कई परिवार जरूरतमंदों को वस्त्र और अन्नदान कर पुण्य अर्जित करते हैं।

श्राद्ध पक्ष के आयोजन आधुनिकता के इस दौर में भी भारतीय समाज अपनी परंपराओं और संस्कारों से गहराई से जुड़ा हुआ है। पूर्वजों की स्मृति में किया गया यह अनुष्ठान न केवल श्रद्धा का प्रतीक बना बल्कि समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रति आस्था को और सशक्त करने वाला अवसर भी सिद्ध हुआ। गायत्री परिजनों द्वारा पटियाली सराय, नेकपुर, शिवपुरम आदि स्थानों पर श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया गया।

# मानसिक मंदित आश्रय गृह में किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के प्रभात ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा संचालित मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र का संस्था सचिव धर्मवीर सिंह ने निरीक्षण किया। केंद्र पर संवासियों द्वारा विभिन्न सीखें हुए कोशलों का प्रदर्शन किया गया। सिंह ने बताया कि निराश्रित संवासी आश्रय गृह प्रशिक्षण केंद्र में विशेष शिक्षक द्वारा प्राथमिक क्रियाएं एवं सामा. जिक व मानसिक विकास होकर, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जाता है।सिंह ने मान. सिक दिव्यांगों के पास बैठकर खाना भी खिलवाया, और फल वितरित किए। इस दौरान समन्वयक अनिल कुमार, सुनील कुमार, फूलवती, राजेश कुमार, हुकम सिंह, लवकेश आदि उपस्थित रहे।

# भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे को लेकर टावर पर चढ़ा पीड़ित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को नगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति दबंग भूमाफियाओं से पीड़ित होकर एवं अधिकारियों के लगातार बार-बार चक्कर लगाने से परेशान होकर न्याय न मिलने से आत्मघाती कदम उठाते हुए मोबाइल टावर पर चढ़ गया हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली के मुहल्ला होली चौक निवासी पूर्व सभासद विजय बाबू कोली ने बीते दिनों कस्बा वजीरगंज में जमीन खरीदी थी जिस पर भूमाफियाओं द्वारा लगातार निर्माण कार्य रोका जा रहा था जिससे पीड़ित विजय बाबू कोली न्याय को लेकर बिसौली एसडीएम एवं तहसील अधिकारियों से लेकर पुलिस प्रशासन तथा जिला के अधिकारियों से न्याय के लिए भटक रहे थे लेकिन कोई समाधान ना हो सका उसके बाद पीड़ित विजय बाबू कोली ने उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य से न्याय की गुहार लगाई लेकिन न्याय नहीं मिल सका विजय बाबू कोली ने बताया कि मेरे पक्ष में दो बार आदेश हो चुका है लेकिन शासनिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आदेशों को दरकिनार कर भूमाफियाओं का हौसला बढ़ाया जिससे परेशान होकर आज मैं कस्बा बिसौली में मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे लगे मोबाइल टावर पर भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर चढ़ गया ।

जिससे कि प्रशासनिक अमले की आंख खुली वही देखते ही देखते हजारों की संख्या में भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुंची बिसौली उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा व पुलिस क्षेत्र अधिकारी सुनील कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने टावर पर चढे विजय बाबू कोली को बमुश्किल हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कडी मशक्कत के साथ नीचे उतर गया तब कहीं जाकर पुलिस प्रशासन एवं तहसील अधिकारियों ने राहत की सांस ली ।

# सर्व वैश्य गरिमा मंच की स्थापना दिवस पर कार्यकारणी का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघन शाह के निर्देशानुसार कार्यकारणी विस्तार का कार्यक्रम सर्व वैश्य गरिमा मंच की स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा हॉल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारतीय के द्वारा मां शारदे एवं समाज के महापुरुषों के दीप प्रज्ज्वलित कर चित्र पर पुष्प माला पहना कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा समाज को संगठित होने की बहुत आवश्यकता है समाज में ऐसे कार्यक्रम समाज के उत्थान के आवश्यक है मै समाज साथ हूं। प्रदेश अध्यक्ष शिवस्वरूप गुप्ता ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियां में तेरहवीं भोज की परंपरा में बदलाव लाकर सूक्ष्म स्तर पर किया जाना चाहिए साथ रात्रि में विवाह पद्धति को बढ़ावा नहीं देना चाहिए बल्कि दिन विवाह संपन्न करने पर जोर देने




की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कार्यकारणी विस्तार में प्रदेश महामंत्री पद पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक भारती एवं प्रदेश मंत्री के पद पर संजीव गुप्ता उझानी मनोनीत किया गया। साथ ही युवा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद पर ध्रुव देव गुप्ता एवं सर्वेश चंद्र गुप्ता को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया , प्रदेश महासचिव शैलेश माहेश्वरी को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी में मनोनीत सदस्य के पद,नाम राजीव गुप्ता संत मोटर्स एवं योगेश वार्ष्णेय बिल्सी को जिला महामंत्री बनाया गया एवं पद नगर कार्यकारणी में नगराध्यक्ष बदायूं भगवान स्वरूप गुप्ता भोले, नगर महामंत्री नितिन गुप्ता विजय गुप्ता सर्राफ नगर कोषाध्यक्ष बदायूं अखिल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष को मनोनीत किया गया । मंच का संचालन ध्रुव देव गुप्ता ने और सभी का आभार व्यक्त किया।

# अस्पताल की बाउंड्री वॉल से अवरूद्ध मार्ग का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** जरीफनगर में निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल का तहसीलदार सहसवान राकेश कुमार ,कानूनगो किशन लाल एवं लेखपाल जितेंद्र सिंह जरीफनगर व तहसील टीम ने एक साथ किया निरीक्षण साथ ही इस अस्पताल की बाउंड्री वॉल से अवरूद्ध मार्ग का भी किया निरीक्षण जरीफनगर की जनता और समाज के हित में मार्ग



अवरुद्ध न हो जनता चाहती है रास्ता खुला रहे इस सम्बन्ध में महेश चन्द्र गुप्ता सदर विधायक बदायूं ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया इस मौके पर पूर्व प्रधान मयंक गुप्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण की लीलाओं का हुआ वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन पूज्य अंबिका देवी जी ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाया। गोकुल में नंद बाबा को लगा कि यहां मेरे लाला पर बार-बार कंस के भेजे हुए रक्षक हमला कर रहे हैं, उन्होंने निर्णय किया कि हम गोकुल को छोड़कर वृंदावन पहुंच जाएंगे जहां मेरा परिवार सुरक्षित रहेगा। लेकिन कंस के गुप्तचर ने कंस को सूचना दी की कृष्ण बलराम वृंदावन आ गए हैं, उसने वहां पर भी अपने असुरों को भेज कर उपद्रव करने शुरू कर दिए। अब ब्रह्मा जी को भगवान के प्रति मोह



हो गया, कि यह साधारण से ग्वाल वाले बछड़े गाय को चराने वाले भगवान कैसे हो सकते हैं उन्होंने अपनी लीला के द्वारा जंगल में भगवान के साथ खेल रहे ग्वाल वाले और बछड़ों को ब्रह्म लोक में अपनी माया से पहुंचा दिया भगवान ने जब यह देखा तो स्वयं बछड़े ग्वाल-वाल लाठी डंडे स्वयं बन गए कई दिनो बाद ब्रह्मा जी ने सोचा कि अब चल कर वृंदावन में देखे। देखा तो पहले जैसे सभी ग्वाल- बाल गाय बछड़े कृष्ण जी के साथ जंगल में घूम रहे हैं। ब्रह्म लोक में भी वही है ब्रह्मा जी को आश्चर्य हुआ कि ऐसा कैसे हो सकता है ब्रह्मा जी को ज्ञान हुआ कि यह परमपिता परमेश्वर श्री कृष्ण है साधारण नहीं कंस वध की कथा सुनाते हुए बताया कि अक्रूर जी को भगवान कृष्ण और बलराम को मथुरा लाने के लिए कंस ने भेजा। मथुरा पहुंचकर भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए हाथी और अन्य राक्षसों को मारा कुब्जा नाम की दासी से चंदन लेकर माथे पर लगाया धोबी से लेकर राजश्री वस्त्र पहने और कंस के सभागार में जहां धनुष यज्ञ का मेला था पहुंच गए और धनुष को उठाकर तोड़ दिया कंस घबरा गया क्योंकि यह धनुष परशुराम जी ने कंस को दिया था और बताया था जो इस धनुष को जो तोड़ेगा वही तुम्हारा कसल होगा भगवान कृष्ण ने कंस को मार कर अपनी माता देवी की और पिता वसुद. ेव को कारागार से मुक्त किया सभी देवता आकाश से पुष्प वर्षा करने लगे भगवान की जय जयकार करने लगे कथा में श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर अशोक कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, सो. हेल अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आकांक्षा शर्मा, सोना शर्मा, चंचल शर्मा, कुलदीप, नेत्रपाल, दयाराम, जगदीश, रामपाल, सुधीर गुप्ता, गुंजन गोयल, कविता आनंद, मंजू कथरिया, चंचल ठक्कर आदि उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा यूपी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है : एसपी देहात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में सोमवार को एसपी देहात हृदेश कुमार कठेरिया ने छात्रों को सुरक्षा, कानून, साइबर अपराध और हेल्पलाइन से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी। वही छात्राओं को आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया गया। श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी देहात हृदेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को कानून, सुरक्षा, साइबर अपराध और ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस हर समय आमजन की सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी असहज या संदिग्ध स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना दें। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए 1090 और 181 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की और भरोसा दिलाया कि शिकायत करने वालों की पहचान उजागर नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा यूपी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी देहात ने साइबर अपराध को लेकर छात्रों को सावधान करते हुए कहा कि कोई भी बैंक या ओटीपी संबंधी जानकारी फोन पर साझा न करें। इससे साइबर ठग आपकी गाढ़ी कमाई उड़ा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन वाइस प्रिंसिपल शारदा बावेजा ने किया। स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश वार्ष्णेय व मीनू बत्रा ने सभी अतिथियों को मोमेंटो एवं बुके भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सीओ सुनील कुमार सिंह, इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, शिक्षक प्रदीप, निशांत, प्रशांत, सविता, पारुल, रचुल, सुजीत, एमपी सिंह, अनमोल, विष्णु कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में तेजी लाएं अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश राय ने मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित संबंधित कार्यदायी संस्थाओं तथा अधिकारियों के साथ 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं सड़क निर्माण के कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की भी गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजना निर्धारित अवधि में प्रत्येक दशा में पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनके हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए संबंधित विभागां को हस्तांतरण की जाएं। यदि किसी परियोजना में धनाभाव की कोई समस्या आ रही है तो ऐसे प्रकरणों में पत्र भिजवाकर मांग की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन कार्यक्रमों/योजनाओं में प्रगति कम है उन कार्यक्रमों में प्रगति करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा गौशाला निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित अवधि में लक्ष्य पूर्ण किया जाए। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य पोषण मिशन शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति के अन्तर्गत उनके कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी एवं निर्माण कार्यों की कार्यदायी संस्थाएं मौजूद रहे।

# पकड़ी गई 1793 लीटर अवैध शराब को पुलिस ने किया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना शीशगढ़ पुलिस के द्वारा आपरेशन क्लीन 3.0 के अंतर्गत 143 अभियुक्तों से पकड़ी गई लगभग 1793 लीटर अवैध शराब को जेएम बहेड़ी के आदेश पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी में गड्ढा खोदकर जमींदोज कर दिया गया।

बताते चलें कि थाना शीशगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत थाना क्षेत्र के 143 अभियुक्तों से 1793 लीटर अबैध कच्ची शराब बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेजा था। उक्त आरोपियों के खिलाफ कोर्ट की कार्यवाही जारी है। आज जेएम बहेड़ी के निर्देश पर थाना पुलिस ने अभियुक्तों से बरामद अबैध शराब को उपयुक्त जगह देखकर गड्ढा खुदाबाकर नस्ट कर दिया गया।इस



मौके पर सीओ बहेड़ी डॉ.अरुण कुमार,नायव तहसीलदार बहेड़ी शोभित चौधरी,प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ हरेन्द्र सिंह,आबकारी निरीक्षक अजय कुमार,निरीक्षक अपराध थाना शीशगढ़ रविन्द्र कुमार नैन व थाना शीशगढ़ का पुलिस बल मौजूद रहा।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## शीशगढ़ के युवक की रुद्रपुर में सड़क हादसे में मौत, घर में मचा कोहराम

■ **बहेड़ी में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के मोहल्ला दर्जी चौक निवासी एक युवक की रुद्रपुर में बाइक में पेट्रोल डलवाने जाते समय ट्रक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर लगने पर युवक के घर में को. हराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मोनी 16 वर्ष पुत्र इकरार अहमद रुद्रपुर में अपने बहनोई के साथ रहता था। बहनोई ईंट सप्लायर का काम करते हैं। आज सोमवार को दोपहर वह बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा



रहा था कि रास्ते में उसकी बाइक में अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पीएम को भेज दिया।

**बहेड़ी।** सोमवार को थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार सत्येंद्र (22) की मौत हो गई। सत्येंद्र अपने गांव पतरासी से भुड़िया कॉलोनी से वापस अपने घर जा रहा था, जब भिलैया अड्डा के पास यह हादसा हुआ।



दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया, जिसने घायल सत्येंद्र को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, सत्येंद्र की हालत गंभीर होने के कारण उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सत्येंद्र की मौत से उसके परिजनों में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सत्येंद्र की मौत के बाद गांव में भी शोक की लहर है और लोग उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम की तीन धाराओं पर लगाई रोक

■ **सूफिज्म का मरकज बरेली ने इसका किया स्वागत**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2024 की तीन विवादित धाराओं पर आंशिक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में जमात रजा ए मुस्तफा की तरफ से इस मामले में पैरवी करते हुए चार सदस्यीय एडवोकेट पैनल में मौजूद एडवोकेट रिजवान मर्चेंट, एडवोकेट मुहम्मद ताहा, एडवोकेट सुबैल फारूक, एडवोकेट रंजन कुमार दुबे ने कड़ी कानूनी दलीलें पेश कीं, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम अंतरिम आदेश जारी किया। इनमें सबसे अहम धारा वह थी, जिसमें वक्फ मामलों में मान्यता के लिए पांच साल मुस्लिम होने की शर्त को अनिवार्य बनाया गया था।

कोर्ट ने कहा कि यह शर्त संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 25 का उल्लंघन करती है। साथ ही, वक्फ्फ कघनून के सेक्शन 3 और 4 पर, वक्फ एक्ट के अनुच्छेद 374 पर, वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण पर नए प्रतिबंध और सरकारी हस्तक्षेप बढ़ाने वाले प्रावधानों पर भी रोक लगा दी गई। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलेक्टर भूमि विवाद का निपटारा नहीं कर सकते, वक्फ बोर्ड का सीईओ मुस्लिम ही हो जैसे फैसले दिए। बरेली मरकज ने इस फैसले का स्वागत किया है। उलेमा किराम ने कहा कि यह फैसला मुसलमानों के मजहबी हुकूक और वकघ्फ संस्थाओं की खुद मुख्तारी की जीत है। उलेमा किराम ने कहा कि वक्फ सम्पत्तियों का संरक्षण, धार्मिक आजादी और संविधानिक अधिकार किसी भी कीमत पर समझौते के कघबिल नहीं हैं।

जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने भी इस आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मुसलमानों की मजहबी आजादी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कघ्दम बताया। उन्होंने कहा कि वक्फ संस्थाओं की स्वायत्तता और धार्मिक आजादी किसी भी हाल में समझौते के कघबिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जमात रजा-ए-मुस्तफा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2024 की कई धाराओं को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम न केवल नए मुसलमानों और इस्लाम अपनाने वालों के साथ भेदभाव करता है, बल्कि भारत की धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता की मूल भावना को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि इस मामले की अगली सुनवाई आने वाले हफ्तों में होगी। मरकज मरकजी तंजीम जमात रजा-ए-मुस्तफा ने भरोसा जताया है कि यह कानूनी लड़ाई समुदाय के अधिकारों की मजबूती के साथ जारी रहेगी।

# दूसरी शादी करने नवाबगंज पहुंचा आशिक मिजाज मौलाना

## पहली पत्नी ने आकर किया भंडाफोड़, मुकदमा दर्ज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पहली पत्नी के होते हुए दूसरी शादी करने नगर पहुंचा एक मौलाना को पुलिस ने पिता और उसके बहनोई के साथ गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया। पहली पत्नी ने यहां पहुंचकर मौलाना का भांडा फोड़ डाला।

थाना शाही के गांव चकदाह भगवतीपुर का रहने वाला मौलाना हैदर हुसैन पुत्र बुन्दन बख्श अपने बहनोई रफीक अहमद सहित कई लोगों के साथ कस्बे में शादी करने पहुंचा था, मौलाना हैदर हुसैन द्वारा चुपके से दूसरी शादी करने की भनक किसी तरह उसकी पहली पत्नी को लग गई, जिस पर वह भी यहां आ धमकी, उसे देखते ही मौलाना के साथ ही सभी के होश उड़ गए, पहली पत्नी ने फौरन ही डायल 112 को फोन किया, जिसपर पहुंची पुलिस ने मौलाना हैदर हुसैन, उसके पिता बुन्दन और बहनोई रफीक अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई। मौलाना की पहली पत्नी नरगिस ने बताया कि 6 माह पहले उससे मौलाना का निकाह हुआ था, बताया जाता है कि मौलाना अपनी पहली पत्नी से खुश नहीं था, और आए दिन पहली पत्नी को परेशान करता रहता था। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहली पत्नी नरगिस की ओर से दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मौलाना की इस हरकत को लेकर सोमवार को सारे दिन कस्बे में इसकी कारगुजारी को लेकर ही चर्चा होती रही, लोग उसकी इस हरकत पर उसे कोसते रहे।

# सर्वजन हिताय के उद्देश्य से 488 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए जाएं स्वास्थ्य मेलेः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ब्रजेश पाठक के दिये गए निर्देशों के क्रम में डीएम अविनाश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आगामी 17 सितंबर से आरम्भ होने वाले स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के संबंध में जानकारी देने व स्वास्थ्य विभाग के समस्त अमले को सक्रिय करने के उद्देश्य से बैठक की गयी।

इस अवसर पर डीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि 17 सितंबर को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री का जन्म दिवस है, उनके जन्म दिवस से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाना है। इसलिए समयावधि में सरकारी क्षेत्र के 488 स्वास्थ्य केंद्रो पर स्वास्थ्य मेलों का आयोजन सर्वजन हिताय के उद्देश्य से किया जाये। उक्त समयावधि में ही पं0 दीनदयाल उपाध्याय का भी जन्मदिवस होगा।

उन्होंने का कि आईएमए के प्रति. निधि से अपेक्षा की कि प्राइवेट स्तर पर संचालित मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल भी इसलिए पुण्य कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और जरूरत मंद लोगों को इलाज मुहैया कराएं।

उक्त आयोजन के अंतर्गत समस्त सरकारी चिकित्सालयों एवं निजी चिकित्सालयों में आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत जनपद बरेली में नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले का प्रतिदिन आयोजन किया जायेगा।

दिनांक 17 सितम्बर, 2025 एवं 01 अक्टूबर, 2025 को जिला चिकित्सालय, बरेली में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के जनप्रति. निधियों द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को समस्त सामु०/प्रा०स्वा०/नगरीय प्रा०स्वा० केन्द्रों शुभारम्भ किया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० विश्राम सिंह ने बताया कि जनपद बरेली में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 355 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर एवं 36 शहरी आरोग्य मन्दिरों में स्वास्थ्य शि. विरों का आयोजन किया जायेगा। उक्त स्वास्थ्य शिविरों में कुल 488 केन्द्रों में चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गैर-संचारी रोगों (जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की गहन जांच की जाएगी। संवेदनशील महिलाओं की क्षय रोग (टीबी) की जांच तथा नि:क्षय मित्र योजना में नामांकन किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राकेश कुमार एवं डा. अमित कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लईक अहमद अंसारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. अजमेर सिंह एवं टीएसयू अरूण पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा -2025 कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को बैठक हुई सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकताओं में से एक स्वच्छ भारत मिशन, नगरीय के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2025 कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को आज 16 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत इंगित कार्यों को कराने हेतु निर्देश दिये गये।

बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत आगामी त्यौहारों में प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की जायेगी, सार्वजनिक स्थलों की विशेष रुप से साफ-सफाई कराई जाएगी, गन्दे स्थलों को चिन्हित कराना उन्हें अपलोड करना व सफाई के बाद उन्हीं स्थलों की फोटो अपलोड की जायेगी।

इसी के साथ स्वच्छता रैली भी निकाली जायेगी, जिससे कि स्वच्छ वातावरण बना रहे। स्कूलों में स्वच्छता पर आधारित विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। शादी पार्टियों में बायो डिग्रेडिबल चीजों का प्रयोग किया जाने हेतु लोगों को जागरूक किया जायेगा, तथा डिजिटल, सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से



प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

बैठक में डीएम ने कहा कि प्लास्टिक को पूर्ण रुप से प्रति. बंधित किया गया है, इसको सख्ती से लागू किया जाए। नगर निकायों में जिन चीजों का प्रयोग न हो उसे अनावश्यक रुप से न खरीदा जाये। ओडीएफ की दिशा में लोगों को जागरुक किया जाए जिसमें लोग शौचालयों का प्रयोग करें। गन्दे स्थानों का चिन्हांकन करें और इस कार्य में आमजनमानस का भी सहयोग लिया जाये।

जहां भी लोगों द्वारा कूड़ा फेंका जा रहा है उन स्थनों पर कूड़ा न डालने का बोर्ड लगवायें और उस स्थान को पूर्णतः साफ करा दें। नगर निकायों की जमीन पर यदि कहीं अवैध कब्जे हैं तो उन्हें हटवाया जाये।

कार्यक्रम में सीटीयू चिन्हीकरण व निस्तारण सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई, सफाई मित्र शिविर, दिनांक 25 सितंबर को एक दिन एक घण्टा एक साथ व 156 घण्टे महासफाई अभियान आदि कार्यक्रमों को जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ संपन्न कराने हेतु निर्देश दिये गये।

बैठक में उक्त के अतिरिक्त तालाबों की साफ-सफाई व सौन्दर्यकरण, गौवंश हेतु चारागाहों में चारे को उगाने तथा स्ट्रीट वेण्डर्स को गीले सूखे कचरे हेते कूड़ेदान रखने एवं नगर निकायों की संपत्ति पर नगर निकायों द्वारा बोर्ड लगाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1314 /न०पा०प०ब०/ कर/2025 -26 दिनांक-12.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-236 वार्ड-07 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मो० यूनिस पुत्र श्री अब्दुल लतीफ के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.01.2020 के द्वारा मो० उमर पुत्र श्री मो० यूनिस निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मो० आरिफ व मो० शाहिद व मो० जाहिद व जावेद अख्तर पुत्रगण स्व० अब्दुल सलाम निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.01.2020 के द्वारा मो० उमर पुत्र श्री मो० यूनिस निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मो० आरिफ व मो० शाहिद व मो० जाहिद व जावेद अख्तर पुत्रगण स्व० अब्दुल सलाम निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री मो० आरिफ व मो० शाहिद व मो० जाहिद व जावेद अख्तर पुत्रगण स्व० अब्दुल सलाम निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

संख्या-1305 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2025-26 दिनांक-12.09.2025

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-150 वार्ड-09 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्रीमती निगहत बी पत्नी श्री हाजी अब्दुल हक के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को दान पत्र दिनांक-30.07.2025 के द्वारा श्रीमती निगहत बी पत्नी श्री हाजी अब्दुल हक निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री इजहारूल हक पुत्र श्री हाजी अब्दुल हक निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। श्री इजहारूल हक पुत्र श्री हाजी अब्दुल हक निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवदेन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# छात्र-छात्राओं ने किया आईस्क्रीम फैक्ट्री का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** देवरनियां क्षेत्र के गांव इटौआ स्थित सांई इंडियन एकेडमी के छात्र-छात्राओं के एक दल ने बरेली के परसाखेड़ा स्थित वाडिलाल फैक्ट्री का भ्रमण कर उसके उत्पादन को समझा, और व्यवसाय को परखा।

स्कूल प्रबंधक निशांत चौधरी, प्रधानाचार्य मधु सक्सेना के अलावा शिक्षक हरविंदर सिंह, सक्षम चौधरी, नीतू शर्मा आदि के साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने फैक्ट्री भ्रमण के दौरान औद्योगिक उत्पादन




के गुर की बारिकियों को सीखा। स्कूल प्रबंधक निशांत चौधरी ने बताया कि दौरे का मकसद छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक की जानकारी कराना है, ताकि वह जो कक्षाओं में पढ़ते हैं, उन्हें वास्तविक लागू होते हुए देखें। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने काफी अच्छा महसूस किया, और प्रशंसा जताई।

## एक नजर

# बैंक से रुपये निकालने आए शिक्षक के बैग से युवती ने रुपये उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** एक शिक्षक ने बैंक से रुपए निक. ालकर अपने बैग में रख लिए, इसी बीच उसके साथ लाइन में लगी एक युवती ने उसके बैग में रखे 90 हजार रुपए उड़ा दिए। बैंक से बाहर निकलने के बाद जब उसने बैग चेक किया तो रुपए गायब मिले। तब उसने वापस बैंक आकर सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो उसमें युवती उसके बैग से रुपए निकालती हुई दिखाई दी। घटना की तहरीर शिक्षक की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। फरीदपुर के ग्राम खरदाह इलाका गजनेरा निवासी अरविंद कुमार बहेड़ी के ब्लॉक दमखोदा के ग्राम प्राथमिक विद्यालय शिव नगरिया में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। सोमवार को वह कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से रुपए निकालने आए थे। बैंक से शिक्षक ने 90 हजार रुपए निकालने के बाद अपने बैग में रख लिए। इसी दौरान बैंक के काउंटर पर उनके पीछे लाइन में लगी एक युवती ने उनके बैग से रुपए निकाल लिए। बैंक से जाने के कुछ देर बाद उन्होंने अपने बैग को चेक किया तो उसमें रुपए ही नहीं थे। जिसपर उन्होंने वापस बैंग जाकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराए तो उसमें एक युवती उनके बैग से रुपए निकाली हुई दिखाई दी। घटना की तहरीर अरविंद कुमार की ओर से थाना नवाबगंज में इंस्पेक्टर क्राइम को दी गयी है। खास बात यह रही कि घंटों कोतवाली में बैठने और इंस्पेक्टर क्राइम द्वारा फोन किए जाने के बाद भी कस्बे का कोई पुलिस कर्मी थाने नहीं पहुंचा।

# बाइक से घर लौट रहे चाचा भतीजे जान लेवा हमले में हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार सुबह को बाइक के द्वारा शेरगढ़ से घर लौट रहे चाचा भतीजे जान लेवा हमले में गंभीर घायल हो गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के व्यक्ति के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव खिरका जगत पुर निवासी नंदकिशोर और उनका भतीजा योगेन्द्र कुमार सोमवार सुबह करीब सबा सात बजे शेरगढ़ एक रिश्तेदार के यहां से बाइक के द्वारा घर लौट रहे थे। अगरास मोड़ पर पहुंचने पर अज्ञात तीन लोगों ने राट से हमला करके दोनो को बाइक समेत रोड पर गिरा दिया।आरोपी दो बाइक से आए थे। पिटते हुए जब दोनो चाचा भतीजे घायल होने के बाद बेसुध हो गए। तब उनको मरा समझकर आरोपी अपनी दोनो बाईकों के द्वारा भाग गए।सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें उठाकर थाना ले गए।चाचा नन्द किशोर ने तहरीर देकर गांव के ही जुम्मा शाह के नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रंजिशन रिपोर्ट दर्ज कराई है।घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि घायलों की ओर से रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें मेडिकल को भेजा गया।

# महिला पेंशन योजना की धनराशि हस्तान्तरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास में कुल-95474 लाभार्थियों के आधार लिंक बैंक खाते में निदेशालय महिला कल्याण विभाग उ.प्र. लखनऊ द्वारा पीएफएमएस सर्वर के माध्यम से धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। प्रतिवर्ष लाभार्थियों का सत्यापन सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया जाता है। सत्यापन आख्यानुसार ही लाभार्थियों के पात्र-अपात्र व मृतक का विवरण योजना के पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। उक्त योजनान्तर्गत पोर्टल पर लम्बित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु समय-समय पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी की ओर से समस्त उप जिलाधिकारियों एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को दिशा-निर्देश निर्गत कराये जाने के साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी लम्बित आवेदनों के निस्तारण हेतु पत्राचार एवं उपरोक्त अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाता है। इसके अतिरिक्त उक्त योजना मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित है, जिसका जनपद में विगत कई माह से ए-ग्रेड प्राप्त हो रहा है। माह अगस्त 2025 में उक्त योजनान्तर्गत कुल-815 लम्बित आवेदन हैं, जिनमें से 380 आवेदन उप जिलाधिकारियों के स्तर पर एवं 435 खण्ड विकास अधिकारियों के स्तर पर लम्बित थे, जिन्हें अति शीघ्र निस्तारित कर पात्र लाभार्थियों को लाभ दिये जाने हेतु निद. शालय महिला कल्याण विभाग को अग्रसारित कर दिया जायेगा।

# रुद्रपुर कहकर गई युवती प्रेमी के साथ हुई रफूचक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नवाबगंज।** उत्तराखंड के रुद्रपुर एक कम्पनी में नौकरी कर रही युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती अपने घर में रखे 50 हजार रुपए और जेवर भी अपने साथ ले गई। मां ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**50 हजार रुपये और जेवर भी साथ ले गई, रिपोर्ट दर्ज**

क्षेत्र के एक गांव की युवती उत्तराखंड के रुद्रपुर की एक कम्पनी में नौकरी करती थी, वह वहां अपनी बड़ी बहन के साथ रुद्रपुर में कमरा लेकर रहती थी, 2 सितंबर को वह रुद्रपुर जाने के लिए घर से गई थी, जो शाम तक वहां नहीं पहुंची तो परिजनों ने वहां रह रही बड़ी बहन से उसके पहुंचने की जानकारी की तो पता चला कि वह यहां नहीं आई है। युवती के परिजनों ने उसके मोबाइल पर बात की तो फोन बन्द था, उसे इधर-उधर रिश्तेदारियों में तलाश किया गया तो उसका कहीं पता नहीं चल पाया। बाद में पता चला कि युवती को उसका प्रेमी ग्राम पनवड़िया परतीतपुर का सौरभ यादव उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। युवती घर में रखे 50 हजार रुपए के साथ ही सोने चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई है। युवती की मां ने इस मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल चैंपियनशिप के संदर्भ में स्मारिका का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष/डीएम अविनाश सिंह द्वारा राष्ट्रीय हैंडबॉल चौंपियनशिप बालक वर्ग के संदर्भ में प्रकाशित की गई स्मारिका का विमोचन किया गया। इस दौरान प्रदेश ओलंपिक संघ के महासि. चव यश भारती से सम्मानित डा. आनंदेश्वर पांडे और यूपी ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा.हनुमान प्रताप सिंह मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता अंबेडकरनगर जनपद में गत 20 से 24 अप्रैल को कराई गई थी, जिसके आयोजन अध्यक्ष के रूप में वहां के तत्कालीन डीएम अविनाश सिंह अब (बरेली के डीएम) द्वारा संपन्न कराई गई थी, जिसमें पूरे देश से लगभग 700 खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे, इस संबंध में कार्यक्रम की सफलता से संबंधित खेल स्मारिका का प्रकाशन किया गया है, जिसका विमोचन उक्त खेल के सूत्रधार डीएम अविनाश सिंह द्वारा बरेली में किया गया। डीएम अविनाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस पुस्तिका का खेल जगत में काफी महत्व है, आगे प्रतियोगिताएं कराने में इस स्मारिका से काफी सहयोग मिलेगा, आगे भी ऐसी प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। यूपी ओलंपिक संघ के महासचिव डा. आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जो सर्वांगीण विकास का परिचायक है। डीएम अविनाश सिंह का खेल और खिलाड़ियों के प्रति समर्पण यह दर्शाता है कि जनपद के खिलाड़ियों को ऊंचाईयां मिलेंगी। स्मारिका को लिपिबद्ध करने वाले यूपी ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा. हनुमान प्रताप सिंह ने कहा कि इस स्मारिका में खेल के सभी पहलुओं का समावेश करने का प्रयास किया गया है, विमोचन के बाद अब इसे वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आशीष गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपा नेता राजू ने भेजी पंजाब बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं आज उन्होंने समाजवादी पार्टी के सिख नेता मास्टर गुरूदयाल सिंह एवं अन्य पार्टी नेताओं के साथ ब्लाक रोड स्तिथ गुरूद्वारा सिंह सभा पहुँचकर प्रबंध समिति के बलजीत सिंह खैरा,रंजीत सिंह आदि को 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता कि राशि सौपी। इस दौरान उन्होंने कहा "कि समाजवादी पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करेगी पंजाब में आई बाढ़ ने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया है। हमारी पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी मैने 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है, जो बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करेगी यह सहायता बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करेगी और उनके जीवन को पटरी पर लाने में मदद करेगी ये मदद आगे भी जारी रहेगी"स समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव एवं अन्य नेताओं ने कहा कि पार्टी बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद करेगी स इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन चीनी मिल नूर मोहम्मद,पूर्व प्रधान ,आदर्श पाण्डेय,बसत भारती, विधासागर शुक्ला आदि मौजूद रहें।

## सीएम डैशबोर्ड कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को डीएम श्रुति की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। डीएम ने अफसरों से कहा कि डैशबोर्ड पर संबंधित विभागों में संचालित योजनाओं व कार्यों की शासन स्तर पर समीक्षा की जाती है और उसी के आधार पर विभाग को ग्रेड दिया जाते हैं। जिससे जिले की रैंकिंग भी जारी होती है। डीएम ने समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले उद्योग, आबकारी, नगर विकास, परिवहन आदि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैश बोर्ड पर समीक्षा होने वाले कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। कार्य योजना बनाकर मासिक आंकलन किया जाए कि कितने प्रतिशत और प्रगति लाने से ग्रेड में सुधार किया जा सकता है। किसी भी दशा में डैश बोर्ड पर विभाग की खराब स्थिति प्रदर्शित न हो। विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रम का लाभ आमजन तक समयबद्धता, गुणवत्तापरक एवं पारदर्शी ढंग से मिलने के संबंध में डैशबोर्ड के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। यदि इसके बाद भी किसी विभाग के द्वारा कार्यों में लापरवाही एवं डैश बोर्ड पर रैंकिंग खराब श्रेणी में आती हैं तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में एडीएम फाइनेंस अभिषेक सिंह, एडीएम न्यायिक भरतराम यादव



### ग्रामीण सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**बुलंदशहर।** सोमवार को गुलावठी ब्लॉक के गांव भटोना में प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स का डीएम श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने समिति पर उपलब्ध फर्टिलाइजर के किसानों को दिए जाने का पंजिकाओं से सत्यापन किया। डीएम ने गुलावठी में समिति पर स्टॉक रजिस्टर का अवलो. कन करते हुए उपलब्ध खाद के वितरण की स्थिति के सत्यापन के लिए एआर कॉपरेटिव को निर्देश दिए। वितरण पंजिका का अवलो. कन करते हुए समिति से खाद लेकर गए किसानों से फोन के माध्यम से खरीदे गये उर्वरक की मात्रा व मूल्य की जानकारी ली। प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स भटोना पर भी पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए जानकारी ली गई। मौके पर उर्वरक लेने आए किसानों से भी समिति के द्वारा सही प्रकार से उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के बारे में जानकारी ली। समिति पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। डीएम ने समिति सचिव को निर्देशित किया कि उर्वरक की रेट लिस्ट को स्थायी तौर पर पेंट कराया जाए। इस मौके पर सदर तहसीलदार मनोज कुमार रावत व सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## एससी वर्ग के पट्टे की जमीन में फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुलंदशहर।** जिले के खुर्जा क्षेत्र के गांव भादवां में एससी वर्ग के लोगों को आवंटित पट्टे की जमीन में बड़ा फर्जीवाड़ा प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत ने शिव कुमार को नौ बीघा, केसरी को डेढ़ बीघा और हर प्रसाद को दो बीघा कृषि योग्य जमीन का पट्टा दिया था। गांव के सामान्य वर्ग के मोहित, मंजू देवी जैन और प्राची श्रीवास्तव ने बिना डीएम की अनुमति के इस जमीन को अपने नाम करा लिया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने जाटव समाज के विक्रेता को जाट और वाल्मीकि समाज के विक्रेता को धीमर दिखाया। बैनामे के समय एससी वर्ग के प्रमाण पत्रों को ओबीसी में दर्शाया गया। इस फर्जीवाड़े में लेखपाल दीपांशु भारद्वाज, राजस्व निरीक्षक वीर सिंह, नायब तहसीलदार सतेंद्र कुमार और सब रजिस्ट्रार सुनील कुमार की भी संलिप्तता पाई गई। डीएम श्रुति को शिकायत मिलने पर एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडेय से जांच कराई गई। जांच में चारों अधिकारी दोषी पाए गए। डीएम ने लेखपाल दीपांशु भारद्वाज और राजस्व निरीक्षक वीर सिंह को निलंबित कर दिया। नायब तहसीलदार सतेंद्र कुमार और सब रजिस्ट्रार सुनील कुमार के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद को पत्र भेजा गया है। प्रशासन अब पट्टे की जमीन को पुनः ग्राम समाज में दर्ज कराने की प्रक्रिया में जुटा है।

## गर्मी में बिजली कटौती कर रही परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में पड़ रही गर्मी में बिजली कटौती और ट्रिपिंग ने उपभोक्तओं का चैन छीन लिया है। शहर से देहात क्षेत्रों तक घंटों बिजली कटौती की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं का गर्मी में हाल-बेहाल हो गया है। अब चांदपुर रोड पर रविवार देर रात एबीसी लाइन फुंकने से बिजली सप्लाई ठप हो गई। वहीं तड़के अचानक हाई वोल्टेज आने पर कई घरों में पंखे, टीवी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी फुंक गए। गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। इसके अलावा महाराजपुर बिजलीघर क्षेत्र के गांव पौंडरी में ट्रांसफार्मर फुंकने से करीब 18 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही। वंही अंसारी रोड से जुड़े क्षेत्रों में भी बिजली का आना-जाना लगा रहा। महाराजपुर बिजलीघर जेई अमर सिंह ने बताया कि पौंडरी गांव में ट्रांसफार्मर फुंक गया था। लाइन में आग लगी थी। अब सप्लाई को सुचारु कराया जा रहा है।

## मिशन घर-घर संविधान के तहत समता फाउंडेशन ने बांटी संविधान की प्रति



**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा कैंप कार्यालय बिजली घर पर मिशन घर घर संविधान कार्यक्रम के संयोजक हीरेंद्र हरी प्रधान ने रमेश सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति एवं लुकेश कुमार राही के साथ आदि दर्जनों साथियों को संविधान की प्रति प्रदान की, इस मौके पर आभार व्यक्त करते हुए समता फाउंडेशन के पदाधिकारीयो ने हीरेंद्र हरी प्रधान का पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया साथ ही मिशन घर-घर संविधान को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताकर प्रशंसा की, लुकेश कुमार राही ने कहा आधुनिक परिपेक्ष में भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का महत्व और लोकतंत्र का योगदान संसार के कई देशों में हो रहे तख्ता पलट के प्रमाण से लगाया जा सकता है।

इस मौके पर रमेश सैनी,लुकेश कुमार राही, आर के फाइटर,सिद्धांत भाटिया,राजेश कुमार,कुणाल डगॉर, विवेक कुमार,आकाश बाबू, डॉ अरुण कुमार,लक्ष्मण सिंह,मन्नत सिंह आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि में अभिलिप्सा ने बहाई भक्ति की बहार



**मथुरा।** कम उमर में ही अपने शिव भक्ति से ओतप्रोत हर हर शंभू...गीत से लोगों के दिलों को झकझोरने वाली आवाज आज संस्कृति विश्व. विद्यालय में देर तक गूंजी। पितृ पक्ष की नवमी पर उड़ीसा की अभिलिप्सा पांडा संस्कृति विश्वविद्यालय में मौजूद थीं और विद्यार्थियों पर अपनी ईश्वर प्रदत्त आवाज से जादू बिखेर रहीं थीं। यह उनकी गायकी का ही असर था कि तेज धूप को भुलाकर छात्र-छात्राएं झूम-झूम कर उनके साथ गा रहे थे। संस्कृ ति विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर अभिलिप्सा पांडा के भक्ति से ओतप्रोत गीतों की ये शाम विवि की परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम का सारा संच. ालन विवि के छात्र-छात्राओं के हाथ में ही था। मैदान विद्यार्थियों से भरा हुआ था और विद्यार्थी कभी अभिलिप्सा तो कभी हर-हर शंभू का उद्घोष कर माहौल गर्मी में और गरम कर रहे थे। थोड़ी ही देर में कार्यक्रम की औपचारिकताओं के बाद अभिलिप्सा की खनखती हुई आवाज मंच से अपना जादू बिखेरने लगी। अभिलिप्सा ने शिव तांडव स्त्तोत्र की कुछ लाइनें सुनाईं और बच्चों से साथ में दोहराने को कहा। ये अभिलिप्सा की आवाज का ही दम था कि बिना वाद्य यत्रों के उनका यह गायन छात्र-छात्राओं को साथ देने के लिए मजबूर कर रहा था। मंजिल केदारनाथ एल्बम का, मेरे भोलेनाथ जी....भोला सबको देता है, तू क्या जल चढ़ाएगा, जैसे भक्ति गीत के द्वारा अभिलिप्सा ने अपनी अनूठी गायकी से विद्यार्थियों में भक्ति की बयार बहा दी। गायत्री मंत्र का पाठ कर अपनी गायकी की सामर्थ्य का परिचय दिया। अभिलिप्सा की गायकी के बीच मंच पर सवाल-जवाब का दौर भी चला जिसमें इस युवा गायकी ने अपने जवाबों से अपनी सोच को भी बताया। हर दृहर शंभू, से जुड़े एक सवाल पर अभिलाषा ने कहा कि जब यह भजन बहुत लोकप्रिय हो गया तो मुझे अपनी सफलता से

## केएम अस्पताल में हुआ 36 स्कूली बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण

**शाह टाईम्स संवाददाता**

**मथुरा।** आंखे शरीर का बहुत ही महत्वपूर्ण और नाजुक अंग है। आंखों के बिना जीवन बेरंग सा है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आंखों की सुरक्षा के प्रति सर्तक रहना। विशेषकर बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानियां बरतनी जरूरी है। यह बात आज स्कूली बच्चों के निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं निःशुल्क दवा वितरण के दौरान केएमयू के कुलाधिपति एवं मेडीकल हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी ने कही। महारा. जा सैनी पब्लिक जूनियर स्कूल के संस्थापक कर्नल अतुल शर्मा, प्रधानाचार्य अशोक सैनी के निर्देश पर 36 बच्चों का ग्रुप अध्यापिका कुसुम लता, ललिता, कृष्णकांत, दुर्गेश के साथ केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल पहुंचा। जहां नेत्र विभागाध्यक्ष डा. एनके तनेजा सहित नेत्र चिकित्सकों ने बच्चों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र ड्रॉप वितरित की, 12 बच्चों को चश्मा लगवाने की सलाह दी।

## यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा डग्गापुलिस वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान में 12 डग्गामार वाहनों सहित 104 वाहनों के चालान करते हुए कुल 1,21,000 हजार रुपए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया, साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है।

## श्री हनुमत सेवा समिति ने कथा व्यास अरविंद दीक्षित को किया सम्मानित

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में चल रही श्री मदभागवत कथा के अंतिम चरण में श्री हनुमत सेवा समिति द्वारा व्यास श्री अरविंद दीक्षित को सम्मानित किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का भी प्रतीक है। ग्राम पंचायत बिलहरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित अरविंद दीक्षित चांदपुर ने श्रद्धालुओं को श्री रामचरितमानस का सुंदर प्रसंग सुनाया उनके स्वागत में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराग दीक्षित, जिला सचिव राज किशोर शुक्ला ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग दीक्षित, जिला सचिव राज किशोर शुक्ला, तहसील अध्यक्ष पूरनपुर मनमोहन शुक्ला, तहसील उपाध्यक्ष ऋतिक दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष संचित मिश्रा, निकेतन शुक्ला आदि रहे।

## घाटों और निचले इलाकों की सफाई का जायजा लेने पहुंचे नगर आयुक्त

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सोमवार को बाढ़ के उपरांत प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। यमुना नदी का जलस्तर घटने के बाद निचले इलाकों, घाटों एवं उनसे जुड़े मार्गों पर जमा मिट्टी, सिल्ट और गाद की सफाई का कार्य नगर निगम द्वारा युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त वार्ड संख्या 63 के मालियन सदर महादेव घाट क्षेत्र एवं वार्ड संख्या 23 अहीर पाड़ा (जमुना बाग क्षेत्र) पहुँचे। यहाँ उन्होंने सड़कों व नालियों के किनारे जमी मिट्टी एवं सिल्ट की सफाई का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 63 की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया, जिसमें 06 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित सफाई कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वार्ड 63 के पार्षद संजय अग्रवाल एवं सफाई निरीक्षक विपिन सिंह उपस्थित रहे। इसके पश्चात नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 65 में बंगाली घाट से लेकर विश्राम घाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों एवं मार्गों पर तेज गति से सफाई कार्य कराने, जमा



हुई सिल्ट को हटाने तथा नालियों की गाद को पूरी तरह साफ करने के निर्देश दिए। इस दौरान वार्ड 65 के पार्षद संतोष पाठक एवं सफाई निरीक्षक राजकुमार लवानिया भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित सभी वार्डों में एंटी-लार्वा स्प्रे और फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जाए, जिससे किसी भी प्रकार के संचारी रोगों के प्रसार को रोका जा सके। नगर निगम द्वारा बाढ़ के बाद की परिस्थितियों से निपटने हेतु व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारीगण स्वयं मौके पर पहुँचकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं ताकि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी न रह सके और नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## 14 अक्टूबर तक चलेगा अनुरक्षण माह

**बुलंदशहर।** जिले में अक्टूबर महीने में दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों को देखते पावर कॉरपोरेशन के अफसरों ने बिजली सप्लाई को दुरूस्त करने की योजना बनाई है। जिसके लिए पश्चिमांचल प्रबंध निदेशक के निर्देश पर 14 अक्टूबर तक एक महीने अनुरक्षण अभियान चलाया जाएगा। एक महीने के इस अभियान में गर्मी और बारिश के कारण विद्युत वितरण व्यवस्था में आई कमियों को दूर किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को त्यौहारों पर निर्बाध बिजली सप्लाई दी जा सके। आने वाले महीनों में दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार हैं। इन त्योहारों को देखते हुए अनुरक्षण की कार्य योजना बनाई गई है। पश्चिमांचल प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने बताया कि बुलंदशहर समेत 14 जनपदों में बिजली सप्लाई को बेहतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के 15 सितंबर से अनुरक्षण माह अभियान शुरु किया गया है।

## जन समस्याओं के सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** छात्र कॉन्ग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने ब्लॉक मरौरी की ग्राम पंचायत न्यूरिया खुर्द में जन समस्याओं के सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी लियाकत अली को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में ग्राम पंचायत न्यूरिया खुर्द में कोई कार्य ठीक से अभी तक नहीं हुआ है देवस्थान के चारों ओर इंटरलॉकिंग नही है, जिससे श्रद्धालुओं को देवस्थल में पूजा करने में परेशानी होती है। ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय नहीं बना है रोड टूटे हुए हैं उखड़े हैं नाली खरंजा बेकार है लोगों को शौचालय भी नहीं मिल पाए हैं जनता को लाभ नही मिल पाया है नालियों की बुरी हालत है रोड़ों पर निकला नहीं जा रहा है नालियों के ऊपर पुलिया भी नही बनी है। खण्ड विकास अधिकारी से मांग की गई कि गांव की समस्याओं का निराकरण तत्काल कराया जाए।

## भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किया धरना प्रदर्शन

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने ब्लॉक ललोरीखेड़ा परिसर में भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया, जिसमे मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार और आवारा पशु रहा। इस दौरान जिला सचिव कपिल यादव ने कहा कि किसानों की काफि गंभीर समस्याएं हैं जिनका तत्काल निस्तारण जरूरी है।

## पुल की मरम्मत के चलते लग रहा जाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** नगर क्षेत्र में रूट डायवर्जन के चलते वाहन चालकों को जाम से जूंझना पड़ रहा है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

बता दें कि यातायात पुलिस ने नहर पर बने बने पुल की मरम्मत के लिए रूट डायवर्जन किया है। इसके तहत पुराने एनएच-91 अडौली कट से भूड़ चौराहे के बीच नहर स्थित बने पुल की मरम्मत की जा रही है। रूट डायवर्जन 17 सितंबर की शाम 5 बजे तक रूट डायवर्जन रहेगा। रूट डायवर्जन के चलते डीएवी पुल की ओर से आने वाले समस्त वाहन, जिन्हें अलीगढ़, गाजियाबाद की ओर जाने वाले वाहनों को महाराणा प्रताप चौक से चोला कट से ब्रहम्मानन्द तिराहा से होकर निकाले जा रहे हैं। कालाआम से भूड़ चौराहे की ओर आने वाले वाहनों को महाराणा प्रताप तिराहे से चोला कट से गंगेरूआ पुल से या फिर ब्रहमानन्द तिराहे से होकर निकाला जा रहा है। हापुड़ की ओर से आने वाले वाहनों को गाजियाबाद एवं अलीगढ़ की ओर जाने के लिए चोला कट से या फिर गंगेरूआ पुल के रास्ते होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं गाजियाबाद एवं अलीगढ़ की ओर से आने वाले समस्त वाहन जिन्हें अड़ौली से भूड चौराहे की ओर आना है वह गंगेरूआ पुल ब्रहमानन्द तिराहे से चोला कट से महाराणा प्रताप तिराहे से भूड़ व डीएवी की ओर भेजे जा रहे हैं। रूट डायवर्जन के चलते चांदपुर रोड, कचहरी रोड, नुमाईश फ्लाईओवर, डीएवी तिराहे, शिकारपुर बाईपास आदि स्थानों पर वाहनों की संख्या बढ़ गई है। खासतौर से चांदपुर रोड और शिकारपुर बाईपास पर लोगों को जाम से जूंझना पड़ रहा है। सोमवार को भी कचहरी मार्ग, चांदपुर रोड, शिकारपुर बाईपास आदि स्थानों पर वाहन चालकों को जाम से जूंझना पड़ा। सोमवार पैंठ बाजार के चलते नुमाईश फ्लाईओवर पर भी जाम की समस्या बनी रही।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख की गला रेतकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सोमवार को खुर्जा नगर क्षेत्र के जंक्शन रोड स्थित जाहिदपुर कलां में बने कार्यालय में खुर्जा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद चौधरी की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच करते हुए मौके से आलाकत्ल चाकू बरामद किया है। मृतक के भाई ने नौकर सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें रुपयों के लेनदेन के विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। वर्ष 2022 में पूर्व ब्लॉक प्रमुख को हत्या के एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल वह जमानत पर रिहा चल रहे थे। गांव रामगढ़ी निवासी 50 वर्षीय विना. ेद चौधरी पुत्र महेंद्र सिंह खुर्जा के पूर्व में ब्लॉक प्रमुख रहे थे। सोमवार की सुबह पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद चौधरी का शव जंक्शन रोड पर जाहिदपुर कला में बने उनके कार्यालय में पड़ा मिला। पूर्व ब्लॉक प्रमुख की गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की तो शव के पास ही आलाकत्ल चाकू बरामद हुआ है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से कई साक्ष्य जुटाए हैं। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए। मृतक के भाई सुधीर ने बताया कि मृतक की पत्नी और बच्चे दिल्ली में रहते हैं। ब्लॉक प्रमुख अपने कार्यालय के ऊपर बने आवास में रहते थे। कोतवाली पुलिस ने सुधीर की तहरीर पर युग निवासी अहरौली और नौकर अंकित निवासी चोला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

### जिला अस्पताल में मिला डेंगू मरीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में मौसम बदलने से डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार को जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में एक मरीज की डेंगू एनएस-वन किट से रिपोर्ट पॉजीटिव मिली है। वहीं मलेरिया के केस भी सामने आ रहे हैं। निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिल रही है। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में एक मरीज की डेंगू एनएस-वन किट से रिपोर्ट पॉजीटिव मिली है। अब डेंगू के मरीजों की संख्या सात और मलेरिया के 34 मरीज हो गए हैं। बारिश के बाद जलजमाव और मच्छरों की तादात बढ़ने से संक्रामक बीमारियों ने हमला बोल दिया है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उत्सव पैलेस में आज से शुरू होगा श्री रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन

■ **डीएम और एसपी फीता काट कर करेंगे रामलीला मंचन का शुभारंभ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री सनातन रामलीला कमेटी द्वारा उत्सव पैलेस में श्री रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 16 सितंबर से 3 अक्टूबर तक रात्रि के सत्र में रामलीला के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है एवं प्रातः काल 9:00 बजे से 12:00 तक लीला पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य लीलाओं का प्रदर्शन भी इसी मंडली द्वारा कराया जा रहा है अंतिम दिवस 4 अक्टूबर को मां भगवती का जागरण बहुत सज्जा व मधुर गानों द्वारा किया जाएगा।

कमेटी के महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने बताया कि आप सभी के निरंतर सहयोग से श्री सनातन रामलीला कमेटी रामपुर अपने 79 वें वर्ष में प्रवेश कर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री राम महोत्सव का आयोजन 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड में अत्यंत



धूमधाम से करने जा रही है। हमारी कमेटी का निरंतर प्रयास रहा है कि श्री रामचरितमानस एवं महाभारत आदि ग्रंथों को अपने वास्तविक रूप में अच्छे कलाकारों द्वारा मंचित करवा कर समाज के लिए शिक्षाप्रद संदेश दिया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, सुभाष चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार , ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता ठेकेदार, वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोड़ा कुक्कु भाई, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड. ), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार गोयल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया , राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, नितिन कुमार सर्राफ, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल, पंकज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने जिला क्षयरोग केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने पूर्वान्ह 10:00 बजे जिला क्षयरोग केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ सत्यप्रकाश जिला क्षयरोग अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. नितेश कुमार सहित 2 अन्य कर्मचारी विलम्ब से कार्यालय में उपस्थित हुए और जिला क्षयरोग केन्द्र में ओ.पी.डी. का कार्य एक तृतीय श्रेणी कर्मचारी द्वारा किया जा रहा था।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सम्बंधित कर्मचारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ही भविष्य में चिकित्सकों (जिला क्षयरोग अधिकारी / उप जिला क्षयरोग अधिकारी) द्वारा ही अपने निर्धारित समय में ओ.पी.डी. कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया।

स्टोर का निरीक्षण करते हुए सीएमओ ने पाया कि टी.बी. के मरीजों को वितरित की जाने वाली दवाओं का अंकन नियमित रूप से स्टॉक पंजिका में नहीं किया जा रहा है और ट्रीटमेंट कार्ड भी आधे अधूरे भरे हुए थे।

इसके अतिरिक्त एलटी द्वारा स्पुटम सैंपल की संख्या के



बारे में सही जानकारी नहीं दी गई और अकाउंटेंट द्वारा टी. बी. के लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली जानकारी के बारे में काफी विलम्ब के साथ सीएमओ को अवगत कराया गया। जिला क्षयरोग केन्द्र के डॉट्स सेंटर पर मरीजों को दवा खाने हेतु दिस्पोस्बल ग्लास या कप उपलब्ध नहीं पाया गया।

सीएमओ ने जिला क्षयरोग अधिकारी सहित सम्बंधित कर्मियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ही इन कमियों को तत्काल दूर कर जिला क्षयरोग केन्द्र की व्यवस्था में सुधार लाने तथा मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के हेतु सख्त निर्देशित किया।

# चार दिन पूर्व बाइक सवार बदमाशों ने महिला से लूटे कुंडल और पर्स, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** चार दिन पूर्व गुरुवार की रात को अपनी पत्नी के साथ मेला देखकर वापस लौट रहे एक युवक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने लूटपाट की। बदमाशों ने बाइक पर पीछे बैठी महिला के कुंडल और पर्स छीन लिए और फरार हो गए। पुलिस ने सोमवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

चन्द्रपुर कलां गांव निवासी सुन्दर लाल अपनी पत्नी ममता के साथ सैफनी में मेला देखने आए थे। मेला देखने के बाद वे अपनी ससुराल जटपुरा गए। जटपुरा से देर रात वे अपनी मोटरसाइकिल पर वापस अपने गांव चन्द्रपुर कलां लौट रहे थे। तभी रास्ते में बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनकी पत्नी ममता के कुंडल और पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में नकदी, आधार कार्ड और अन्य जरूरी सामान था।

घ्पीड़ित सुन्दर लाल ने तुरंत इस घटना की सूचना सैफनी थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 304 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया। घ्पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने



सोमवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी गंगा सहाय पुत्र सोमपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के नगला नस्सू गांव का रहने वाला है।

पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए कुंडल, 1200 रुपये नकद, एक आधार कार्ड, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को रामगंगा पुल को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम अब फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश कर रही है।

# बाइक और कार की भिड़ंत बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मोटरसाइकिल व कार की भिड़ंत होगई जिसमे मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको स्वार के अस्पताल मे भर्ती कराया गया है नगर के मोहल्ला भूवरा निवासी प्रशान्त पुत्र कृष्णा मौर्य स्वार से अपने घर भूवरा आरहा था कि मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर मिलक खोद चौराहे पर टांडा की तरफ से आरही कार ने मोटरसाइकिल चालक को



अपनी चपेट मे ले लिया जिस्से युवक गंभीर रूप घायल हो गया मोटरसाइकिल व कार की भिड़ंत होते ही घटनास्थल पर आस के लोगो की भीड़ लग गई सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गये ओर युवक को अस्पताल ले गए जहा पर युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# बेटे के साथ मारपीट करने वाले हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** ग्राम चौहद्दा निवासी हीरा सिंह पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर शिकायत की है की उसका पुत्र कृपाल सिंह बीते 28 अगस्त को किसी काम से सुल्तानपुर पट्टी जा रहा था कि मिलक गुरुद्वारे के पास रोक. कर सुल्तानपुर पट्टी चौकी के मोहल्ला टांडा बंजारन निवासी उस्मान, अशरफ, एहसान अली पुत्र मल्लन ने जान से मारने की नियत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर आस पास के लोग मौके पर आ गए। और उसकी जान बचाई गंभीर अवस्था में काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा हालत नाजुक बनी हुई है। आरोप है कि पुलिस ने हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। हमलावर खुलेआम घूमकर उसे धमका रहे हैं और फैसला करने के लिए दबाव बना रहे हैं उसने पुलिस अधीक्षक से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# गन्ना समिति अध्यक्ष ने किया गन्ना मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक /रामपुर।** गन्ना समिति के अध्यक्ष ने समिति परिसर में गन्ना मेले का फीता काट कर शुभारंभ किया। सहकारी गन्ना विकास समिति लि. मिलक के परिसर में 15 सितंबर से 24 सितंबर तक समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन/गन्ना मेला का शुभारंभ गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश पटेल के द्वारा फीता काटकर किया गया। गन्ना समिति के अध्यक्ष ने किसानों से कहा कि जिन कृषकों द्वारा ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन में अपने गाने से संबंधित आंकड़े अभी तक नहीं देख पाए हैं। सम्मानित गन्ना कृषक 15



सितंबर 2025 से 24 सितंबर 2025 तक समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन/ गन्ना मेला में आकर अपने गन्ना सर्वे आदि आंकड़े संशोधित करा ले उक्त तिथियां के उपरांत गन्ना सर्वे संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर कमल कुमार, चंद्र प्रकाश, नरेंद्र गंगवार, सुरेंद्र कुमार, सचिव के जी गौतम राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक कथा समिति एवं चीनी मिल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों की ठगी

■ **एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगायी न्याय की गुहार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक /रामपुर।** तहसील क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगी का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बगिया क्रमचा रहने वाले पीड़ित जगप्रीत सिंह ने पांच लोगों के जिसमे तीन नामजद दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की आरोप लगाया है। 10 लाख 20 हजार रुपए रुपए जो की विदेश भेजने के नाम पर ठगी कर रखी है।

जगप्रीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोप लगाया कि निवासीगण ग्राम समरिया, निकट




मुड़िया, थाना कोतवाली बहेड़ी, जनपद बरेली के रहने वाले हैं । जगप्रीत के पूर्व परिचित हैं। जो विद. शी एजेन्ट हैं और लोगो को विदेश भेजते हैं। 25.10.2023 को उक्त लोगों द्वारा जगप्रीत के घर आये और कहा कि जगप्रीत अभी नौजवान है। अगर विदेश जाना चाहे तो वह अमे. रिका या कनाडा भिजवा सकता हैघ। वह पचासियों लोगों को विदेश भिजवा चुका है। यदि जगप्रीत उसे पच्चीस लाख रुपये का इन्तजाम करवा दे। तो वह अपने विदेशी एजेन्ट से कहकर छ या सात माह में वीजा दिलवा देगा। जगप्रीत ने उसकी बातो पर विश्वास कर लिया। और 01 नंबर 2023 को तीनो लोगों अपने साथ दो लोग, जिनमें एक महिला व एक युवक था। लेकर काले रंग की वरना कार से जगप्रीत के घर आये और बताया कि उसके साथ आये दो लोग कनाडा में वैकूवर में रहते हैं ।और अचानक भारत आये हैं।

जगप्रीत का परिचय कराया और रात में जगप्रीत के घर पर ही रूके।बातचीत से प्रभावित हुआ और विश्वास हो गया। कि वह सच बोल रहे हैं। जगप्रीत ने अपने परिवार के सामने उक्त लोगो को नकद 1,00,000/- एक लाख रुपये दिये। एवं जगप्रीत ने अपने फोन पे पर पच्चीस हजार रुपये) ट्रांसफर किये तथा 15 जुलाई 2023 को अपने पिता व चाचा की कृषि भूमि बिक्री करके नकद आठ लाख रुपये उक्त लोगों को जगप्रीत ने अपने घर पर दिये और 2 जनवरी 2024 को पच्चीस हजार रुपये 05 जून 2024 को पचास हजार रुपये), 10। जून.2024 को पच्चीस हजार रुपये),24 सितंबर 2024 को पन्द्रह हजार रुपये अपने फोन पे से ट्रांसफर किये है।

जगप्रीत ने आरोपियों से कहा कि आप मेरे पैसे वापस कर दो तभी सभी लोगों गांव बगिआ करमचा में पहले और राईफल, पिस्टल एवं देशी तमन्चा डालकर आये थे। और जगप्रीत के सारे डॉक्यूमेंट एवं जान से मारने की धमकी देकर चले गए । जगप्रीत अब विदेश भी नहीं जा सका है एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# भाकियू टिकैत की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा, समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस शाहबाद में आयोजित की गई। पंचायत में क्षेत्रभर से आए किसानों ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्य जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान किसानों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उन्हें जल्द समाधान कराने की मांग की।

पंचायत में प्रमुख रूप से रखी गई समस्याओं में ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर न लगाए जाने, क्षेत्र में डीएपी व



एनपीके खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरों की दवा का नियमित छिड़काव कराने, आवारा पशुओं व बंदरों के आतंक से निजात दिलाने, तथा ग्राम भगवानपुर में जूनियर हाई स्कूल निर्माण हेतु प्राथमिक विद्यालय की जमीन की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे हटवाने जैसी मांगें शामिल रहीं। पंचायत में किसानों ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव चौधरी सुनील कुमार सिंह,युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव,तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव,युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर यादव, डॉ. फूल सिंह, महावीर सिंह धनगर, जगतपाल सिंह लोधी, विजयपाल सिंह यादव, छत्रपाल सिंह, विजय वीर सिंह, तेजपाल सिंह लोधी, तेजराम सिंह, किशन लाल सिंह, प्रेम सिंह, नवल किशोर, देवी लाल, बृजपाल, लालाराम, हरकिशन मोरिया, रामपाल, श्रीराम, रामस्वरूप मोरिया, ओमप्रकाश लोधी, अंकित, कमल सिंह, मनोज सिंह, महेंद्र सिंह, सोनू सिंह, गोपी सिंह, बन्नू सिंह, प्रेमपाल सिंह, रामपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# हिंदू संगठनों ने धर्मिक स्थल के निर्माण रुकवाने को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक /रामपुर।** स्थानीय हिंदू संगठनो ने आज एक धार्मिक स्थल के निर्माण को रोकने हेतु एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को दिया है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सोमवार उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ज्ञापन सौंपते हुए कहा तहसील क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर कुंदनपुर के दूसरे समुदाय द्वारा गांव में अवैध रूप से मजार गांव के बीचों-बीच बनाई जा रही है।

ग्राम वासियों ने इस विषय को लेकर विचार विमर्श किया जिसमें दूसरे समुदाय के द्वारा मजार कार्य किया जा रहा है उसे रोकने के लिए कहां गया लेकिन वह नहीं माने और दूसरे समुदाय के लोग गलत तरीके से मजार का निर्माण कर रहे हैं। जिसमें हिंदू संगठन का कहना है कि जिसकी जांच करा ली जाए क्योंकि यहां प्राचीन कोई मजार नहीं है। यह मजार का कार्य जाल साज के साथ बनाई जा रही है जिसकी ऊंचाई बहुत की जा रही है जहां पर मजार बन रही



है। वहां पर हिंदू बस्ती है यहां कुछ साल पहले तक कोई भी उर्स नहीं होता था। अब यहां पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है यहां पर माहौल बिगड़ने की पूरी संभावना बनी हुई है। यह देखते हुए यहां पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए जनहित में उक्त मजार की जांच कर निर्माण रोककर इसे ध्वस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन पर सूरज पटेल, रोहित गंगवार, विजयपाल, धर्मवीर, सोमपाल, नंदकिशोर, योगेश, पूरनलाल, अमरपाल आदि के हस्ताक्षर है।

# डंपर की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्ची जख्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** डंपर की चपेट मे आने से बाइक पर पीछे बैठी आठ वर्षीय बच्ची जख्मी हो गयी मसवासी पट्टी मार्ग पर मिलक नौखरीद पेट्रोल पंप के सामने रेत से भरे डंपर ने मोटर साईकिल सवार को अपनी चपेट मे ले लिया जिससे पीछे बैठी



बच्ची चोटिल हो गई। डंपर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया चरन जीत सिंह निवासी काशीपुर अपनी बेटी जयनूर कौर के साथ अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर सुल्तानपुर पट्टी से अपने घर करीमपुर आ रहा था कि पीछे से आ रहे रेत से भरे डंपर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक गिर ओर पीछे बैठी बच्ची चोटिल हो गई बच्ची के चोटिल होते ही राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। काफी देर तक जाम की स्थित बनी रही वाहनों की दोनों तरफ लम्बी लाइन लग गई डम्पर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला मौके पर पहुंच गए पुलिस ने काफी मुशक्कत के बाद जाम खुलवाया तब जाकर वाहनों का आवागमन चालू हो सका।

# वन विभाग पर घोटाले का लगाए आरोप भाकियू भानू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहाबाद/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को वन विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी रामपुर को एक ज्ञापन सौंपा।

संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि शाहाबाद रेंज में लगभग 18 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण का कार्य कागजों पर दिखाया गया है, जबकि मौके पर 25,000 पौधों में से 10,000 पौधे भी नहीं हैं। गड्ढा खुदाई, झाड़ी सफाई, सुरक्षा आदि के नाम पर



शासन से हर साल भारी भरकम बजट स्वीकृत किया जाता है, लेकिन विभागीय अधिकारी कागजी बिल बनाकर करोड़ों रुपये हड़प रहे हैं। भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा जंगलों को हरा-भरा रखने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यह धनराशि घोटालों में गायब हो रही है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित वन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने करेगी।

# डीएम और एसपी द्वारा किया गया 'द ग्रीनवुड टाइम्स' का अनावरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट रामपुर में रामपुर जिले के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा और नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम ने ग्रीनवुड स्कूल से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र श्द ग्रीनवुड टाइम्सश का अनावरण किया। यह समाचार पत्र



ग्रीनवुड स्कूल में त्रैमासिक प्रकाशित होता है और इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसको स्कूल के बच्चे स्वयं तैयार करते हैं। इसके संपादक भी बच्चे ही होते हैं, छायांकन का कार्य भी बच्चे ही देखते हैं और समाचार का संकलन भी बच्चे ही करते हैं। इस समाचार पत्र में स्कूल की त्रैमासिक गतिविधियां प्रकाशित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त इसमें समसामयिक विषयों पर भी लेख प्रकाशित किए जाते हैं। ग्रीनवुड स्कूल के हेडबॉय अबु हमजा, हेड गर्ल हुदा शहाब और डिसिप्लिन कैप्टन अर्जुन सिंह रावल ने समाचार पत्र को प्रकाशित करने की कार्यविधि से सबको अवगत कराया। सभी अधिकारियों ने समाचार पत्र को बहुत पसंद किया और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।

# गांव, गरीब और किसानों का सशक्तिकरण ही भाजपा सरकार का संकल्पः हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र मे जिला अध्यक्ष ने की बैठक बैठक मे भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार का संकल्प ही गांव, गरीब और किसानों का सशक्तिकरण करना है। इसी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम हो रहा है। इसके साथ ही ढांचागत सुविधाओं का विस्तार भी लगातार चल रहा है। इन सब कार्यों के अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ता की मेहनत और प्रतिबद्धता ही चुनाव जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

सोमवार को जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार स्वार विधानसभा क्षेत्र के स्वार ग्रामीण मंडल के बूथ अध्यक्षों से मिले। उनसे सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना। इस अवसर पर उन्होंने बूथ संपर्क अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा की जीत का मूल आधार बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही होते हैं।

उन्होंने कहा, बूथ जिते तो चुनाव जीते, यह केवल नारा नहीं, बल्कि संगठन की कार्यशैली का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हर मतदाता तक पहुंचें और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। कहा कि चुनाव केवल बड़े नेताओं की सभाओं से




नहीं, बल्कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत, प्रतिबद्धता, बूथ अध्यक्षों के जुनून से जीता जाता है। उन्होंने पुराने चुनावों का स्मरण करते हुए बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों में भी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा ऊंचा रखा है। यह संघर्ष और समर्पण ही भाजपा की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, और आईटी सेल की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। अंत में जिलाध्यक्ष ने संदेश देते हुए कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता व्यक्तिगत संपर्क पर जोर दें, मतदाताओं के बीच जाकर संवाद करें और सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा करें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का बूथ स्तर का नेटवर्क विपक्ष के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत है और यही पार्टी को आगे ले जाएगा। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, जिला मंत्री महेंद्र सैनी, दिनेश गोयल, हरिओम मौर्य, डोली रंधावा, अमृता रंधावा, पवन शर्मा, जयवर्धन मौर्य, महेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र नौशाद अली और उसकी पत्नी नाजमीन के गलत व्यवहार और मनमानी के कारण उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**फरजंद अली पुत्र बुद्धा शाह**
**छितरिया जागीर**
**थाना टाण्डा ( रामपुर )**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र इमरान व पुत्रवधु रेशमा को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से इनका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शब्बन पुत्र गुलाम नबी**
**निवासी मडैयान उदयराज थाना**
**शहजादनगर जिला रामपुर।**

# सूफियान हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

## दोस्त की बेज्जती का बदला लेने के लिए सूफियान को उतारा था मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव सिरोधन में एक 24 वर्षीय युवक सूफियान की अपहरण कर बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्ज़े से आला क़त्ल डंडे भी बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपने दोस्त नितिन बाटा की बेज्जती का बदला लेने के लिए सुफियान का अपहरण कर डंडो से पीट-पीट कर हत्या करने के बाद उसके शव को बुलंदशहर क्षेत्र में फेंक दिया था। बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र के देवराला जंगल में सूफियान का अधजला शव मिला था। जिसके बाद परिजनों ने जूतों और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की थी। इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी थी। सुफियान के परिजनों ने सुफियान का अपहरण कर उसकी हत्या करने का कुछ लोगो पर आरोप लगाया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।




सोमवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता करते हुए एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि सूफियान के पिता इसरार ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर 2025 को सूफियान नोएडा जाने के लिए घर से निकला था। 7 सितंबर को उसकी अधजली लाश मिली। इस दौरान सूफियान के फोन से लगातार खैरियत के मैसेज आते रहे, जिसके कारण परिजन गुमराह हुए और कोई शिकायत दर्ज नहीं करा सके। सूफियान के पिता इसरार ने गांव के नितिन उर्फ बाटा और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया था। इसरार की तहरीर पर कपूरपुर थाने में नितिन, मनीष, अमित, पवन, प्रशांत, आशीष, आदेश, नीतू और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण, हत्या और साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को थाना कपूरपुर पुलिस ने सुफियान हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपी आशीष पुत्र संजय उर्फ बब्लू और अभिषेक पुत्र शिव कुमार निवासी छज्जूपुर थाना कपूरपुर जनपद हापुड़ को सिरोधन हाईवे से नहर बम्बा पुल गांव छज्जू पुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडे भी बरामद कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी नितिन बाटा और अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी ने बताया कि सुफियान गांव सिरोधन में शराब के ठेके के सामने दुकान चलाता था। जहाँ और नितिन बाटा जो एक दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उससे उधार के रूपये मांगने को लेकर विवाद हो गया था। गिरफ्तार आरोपी आशीष और अभिषेक ने अपने दोस्त नितिन बाटा की बेज्जती का बदला लेने के लिए पहले सुफियान के अपहरण का प्लान बनाया और प्लान के तहत नोएडा के कासना क्षेत्र से सुफियान का अपहरण कर डंडों से पीट-पीट कर उसकी हत्या की वारदात को अंजाम दिया और इसके बाद उसके शव को बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र के देवराला जंगल में फेंक दिया था और शव की पहचान मिटाने के उद्देश्य से शव को जला दिया था। फिलहाल पुलिस ने सुफियान हत्याकांड को खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# पिकअप से टकराया अनियंत्रित ट्रक, पिकअप के उड़े परखच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ते हुए एक पिकअप से टकरा गया। हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोग घायल हो गए। जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक की टक्कर से पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलती ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को हाइवे से हटवाकर सड़क किनारे करवाया।




जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 अल्लाबख्शपुर के पास हापुड़ से मुरादाबाद जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की रेलिंग को तोड़ते हुए एक पिकअप से जा टकराया। हादसे में पिकअप के परखच्चे उड़ गए जबकि चालक समेत दो लोग घायल हुए। तो वही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुचे गई। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क किनारे करवाया। थाना अध्यक्ष मनोज बालियान ने बताया कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन धीरखेड़ा, हापुड़ चौप्टर ने अपनी स्थापना के 40 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 150 से अधिक उद्यमियों और उनके परिवारों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।




शिविर में यशोदा मेडिसिटी के विशेषज्ञ डाक्टरों-आर्थोपेडिक, फिजियोथैरेपिस्ट, डाइटिशियन, जनरल फिजिशियन, पल्मोनोलॉजिस्ट और स्पाइन कंसल्टेंट ने अपनी सेवाएँ दीं। इस दौरान, उद्यमियों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल जैसी सामान्य जाँचें निःशुल्क की गईं। डाक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दीं और बीमारियों से बचाव के उपाय सुझाए। कार्यक्रम में चौप्टर चेयरमैन पवन शर्मा, सचिव लवलीन गुप्ता और कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने डाक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किए। आईआईए के राष्ट्रीय सचिव विजय शंकर शर्मा ने संस्था के 40 वर्षों के सफर के दौरान एमएसएमई उद्योगों के विकास और समाज कल्याण में किए गए कार्यों की जानकारी दी। शांतनु सिंघल ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए कहा कि आईआईए भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क शिविरों का नियमित आयोजन करेगा। उद्यमी अशोक छारिया ने एक स्वस्थ शरीर, स्वस्थ दिमाग की नींव है का नारा देते हुए सभी से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील की, ताकि वे लंबे समय तक व्यवसाय और देश की प्रगति में योगदान दे सकें। इस अवसर पर राजेंद्र, प्रमोद, कपिल, सोनू, सचिन अग्रवाल सहित कई अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने दही के नमूने लेकर भेजे प्रयोगशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ से दिल्ली जा रही दही के मटको से भरी एक पिकअप से दही ने नमूने लेकर जाँच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए है।

मिली जानकारी के अनुसार दही के मटकों से भरी एक पिकअप मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रही थी। जैसे वह पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में पहुंची तो पुलिस ने चेकिंग के दौरान दही के मटकों से भरी एक पिकअप को रोक लिया और जाँच पड़ताल की। जिसमे करीब 70 दही के मटके मौजूद थे। पुलिस ने तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मौके से दही के नमूने लिए और जाँच हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिक. ारीयों ने बताया कि दही के नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# यूपी को विकसित प्रदेश बनाने के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2047 तक राज्य को एक विकसित प्रदेश बनाने के उद्देश्य से नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई है और इसका उद्देश्य विकास संबंधी योजनाओं में जनभागीदारी को बढ़ाना है।



हापुड़ सहित उत्तर प्रदेश का कोई भी नागरिक इस पहल में भाग ले सकता है। इसके लिए एक विशेष पोर्टल बनाया गया है। नागरिक बारकोड स्कैन करके और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी के जरिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद नागरिकों को अपना नाम, जिला, लिंग और उम्र जैसी जानकारी देनी होगी। नागरिक 150 शब्दों की सीमा में अपने सुझाव दे सकते हैं। यह पहल कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करती है जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सुधार है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि यह पहल नागरिकों के विचारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ेगी, जिससे प्रदेश के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। यह लो. कतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का एक कदम है क्योंकि जनता की सक्रिय भागीदारी ही विकसित प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ सुझाव देने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा।

# बाला जी मंदिर में श्रीमद् भागवत महाकथा का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिव्य धाम बाला जी मंदिर हापुड़ में सोमवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महाकथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन, बागेश्वर धाम से पधारे पंडित रोहित रिछारिया महाराज ने भक्तों को भागवत माहात्म्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भागवत का श्रवण करने मात्र से सभी पापों का नाश होता है और यह मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत वेद और उपनिषदों का सार है, जो ज्ञान, भक्ति और वैराग्य को जगाने में मदद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ भागवत की कथा होती है, वहाँ स्वयं भगवान ब्रह्मा और विष्णु अपने गणों के साथ निवास करते हैं। कथा शुरू होने से पहले एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी यश्वर्धनाचार्य महाराज ने अपने सिर पर श्रीमद् भागवत महापुराण को धारण किया और उनके साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं। यह यात्रा बाला जी महाराज, पंचमुखी शिव, नौ देवी मंदिर और नवग्रहों को प्रणाम करते हुए मुख्य दिल्ली-गढ़ मार्ग से होकर कथा स्थल पर वापस आई। मंगलवार को विश्व विख्यात भजन गायक गोलो. कवासी विनोद अग्रवाल के सुपुत्र जतिन अग्रवाल मुंबई द्वारा शाम 6 बजे से एक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रिंस गोयल, आरती, नेहा, गौरव, यश, संजीव, हर्ष, योगेंद्र उमेश, देवेंद्र, राज मोहन, प्रिंस, कपिल, सुशील, संजीव, शशि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



# कार की टक्कर से साईकिल सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहाँ एक तेज रफ्तार कार ने साईकिल सवार को ज़ोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साईकिल सवार की मौत हो गई। जबकि कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके और पहुंची और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हाफिजपुर गांव सादिकपुर निवासी 58 वर्षीय महेंद्र हापुड़ से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव सादिकपुर के पास पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी साईकिल में ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना हाफिजपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हाफिजपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल महेंद्र को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महेंद्र की मौत के खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही कार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की जाँच जारी है।

# बाबूगढ़ में हुई हरिपुर आवासीय योजना की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने हरिपुर आवासीय योजना की शुरुआत की है। यह योजना हापुड़ में दिल्ली रोड के पास बाबूगढ़ में बन रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती और आधुनिक आवास प्रदान करना है।

यह आवासीय कॉलोनी 22 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें से 17 हेक्टेयर का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। शेष 5 हेक्टेयर का अधिग्रहण जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। प्राधिकरण का लक्ष्य दिसंबर 2025 तक भूमि अधिग्रहण और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा करके भूखंडों का आवंटन शुरू करना है। हरिपुर योजना में भूखंडों की कीमतें प्राधिकरण की पिछली सफल परियोजनाओं, जैसे आनंद विहार और प्रीत विहार, की तुलना में कम होने की उम्मीद है। यह इसे उन लोगों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है जो किफायती आवास की तलाश में हैं। इस योजना को आधुनिक सुविधाओं के साथ डिज़ाइन किया गया है, जिसमें चौड़ी सड़कें, पार्क, सामुदायिक केंद्र, जल निकासी और बिजली की व्यवस्था शामिल है। दिल्ली रोड के नजदीक होने के कारण यह क्षेत्र कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण है, जो इसे निवेशकों और घर खरीदने वालों दोनों के लिए आकर्षक बनाता है जिससे आम आदमी के लिए वहां घर खरीदना मुश्किल हो गया था। हरिपुर योजना की घोषणा के बाद, स्थानीय लोग और निवेशक बहुत उत्साहित हैं। लोगों को उम्मीद है कि उन्हें यहां किफायती कीमतों पर अपने सपनों का घर बनाने का अवसर मिलेगा। प्राधिकरण के अनुसार, इस योजना के लिए पहले से ही बहुत मांग है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ ने बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य ऐसी आवासीय योजनाएं विकसित करना है जो क़ियायती हों और लोगों को बेहतर जीवनशैली प्रदान करें। प्राधिकरण जल्द ही भूखंड आवंटन की प्रक्रिया और पंजीकरण की जानकारी सार्वजनिक करेगा। दिसंबर 2025 में इस योजना के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री की उपस्थिति से इसे और गति मिलने की उम्मीद है। हरिपुर आवासीय योजना हापुड़ के रियल एस्टेट क्षेत्र और आर्थिक गति. विधियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# बाईकों की भिड़न्त में दो युवकों की टांगे हुई फैक्चर, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के करीमपुर गांव के निकट मसवासी सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर दो बाईकों की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए बाजपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार की शाम गांव अलीगंज निवासी नवाजिश हुसैन पुत्र साबिर हुसैन अपने गांव से रहमतगंज होकर सुल्तानपुर पट्टी को जा रहा था गांव करीमपुर के निकट सामने से आ रहे वाइक सवार भूबरा निवासी नरेश कुमार पुत्र लल्लू व अने साले के साथ दावत खाकर घर वापस लौट रहा था कि अचानक दोनों बाईकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें नवाजिश की टांग फैक्चर हो गई जबकि नरेश कुमार को भी गंभीर चोट लगी है वह उसके साले की भी टांग फैक्चर बताई जा रही है। तीनों को घायल अवस्था में उठाकर ग्रामीणों ने बाजपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया है जहां तीनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



# मधुमक्खियों के हमले में दो छात्रों सहित दस घायल



**नहटौर।** टपरौला गन्ना क्रय केंद्र के पास मधुमक्खियों के झुंड ने हमला करते हुए दो छात्र सहित दस लोगों को घायल कर दिया। काफी देर तक संपर्क मार्ग पर आवागमन भी बंद हो गया। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज टपरौला गन्ना क्रय केंद्र के पास मधुमक्खियों के झुंड ने आने जाने वाले राहगीरों पर हमला कर दिया। गांव टपरौला के छात्र प्रिंस राणा, आशु व गांव मलकपुर के सोनू, शबीना, अंकित, गुंजल, हर्षित, यादराम, विकास व शाकिब मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बाइकों की हुई टक्कर में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** दो बाईकों कि आपके सामने हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए घायलों को उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। परमेश्वरी लाल 36 वर्ष निवासी ग्राम पंनवड़िया थाना खजुरिया अपनी बाइक से मिलक के लिए आ रहे थे। उनके साथ में बैठे लालाराम उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पंनवड़िया थाना खजुरिया रामपुर यह दोनों लोग अपनी बाइक से अपने गांव से मिलक के लिए आ रहे थे। भंवरकी चौराहे पर सामने से आ रही बाइको भिङंत हो गई। जिसमें बाइक सवार जसपाल सिंह 37 वर्ष निवासी ग्राम भंवरका थाना कैमरी दोनों की बाइकों की भिङंत हो गई जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक नजर

### दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने युवती के दुष्कर्म के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप ने बताया कि युवती द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। सम्बंधित मामले में मुक. दमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने बीएनएस व 67ए आईटी एक्ट में नामजद आरोपी रविन्द्र पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम कनिया कल्याणपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड को डिपो गेट से ग्राम कनिया कल्याणपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 4 वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात और थाना धौलाना पुलिस ने 4 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा शिवा पुत्र पप्पू निवासी मौहल्ला साटोवाली थाना हापुड देहात जनपद हापुड, वकील पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी मौहल्ला पीरवाला ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड और शकील पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी मौहल्ला पीरवाला ग्राम असौडा थाना हापुड देहात जनपद हापुड को गिरफ्तार किया है। जबकि थाना धौलाना पुलिस ने भूरा उर्फ फुरकान पुत्र फुन्दवा निवासी मौहल्ला कुरेशियान कस्बा धौलाना हापुड को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### आय एंव योग्यता आधरित छात्रवृति आवेदन के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को श्री यमुना इंटर कॉलिज बागपत के प्रधानाचार्य मुकेशराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया 27 अक्टूबर से छात्रवृति फॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसकी अंतिम तिथि 24 सितम्बर है। प्रधानाचार्य ने छात्रवृति के आवेदन को लेकर बताया कि इस योजना का लाभ 50 प्रतिशत अंक या इस से अधिक अंक कक्षा 7 में उत्तीर्ण एंव इस शैक्षिक सत्र में कक्षा 8 में परिषदीय, शासकिए अथवा अशासकिए सहायता प्राप्त संस्थाओं में अध्यनरत वे छात्र / छात्रा प्राप्त कर सकते है जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 3 लाख 50 हजार या इससे कम हो। आय एंव योग्यता आधारित छात्रवृति अवेदन पत्र को छात्र/ छात्रा www.entdata.co.in की वेबसाइट पर केवल 24 सितम्बर तक ही ऑनलाईन करा सकते है और यह आवेदन ऑनलाईन ही स्वीकार किए जायेगें। उन्होने कहां कि आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र जो किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये हो वेवसाइट पर अपलोड कराने होंगे। आरक्षित श्रेणी के वे छात्र/ छात्रा जिन्होंने कक्षा 7 की परीक्षा 50 प्रतिशत या इसे अधिक अंक से उत्तीर्ण की हो वे छात्र भी छात्रवृत्ति आवेदन पत्र के लिए अर्ह होंगे।

# संपत्ति विवाद में महिला के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा में संपत्ति बंटवारे को लेकर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव देवीपुरा निवासी जैनब, पत्नी मोहम्मद आलम, ने अपने ही परिवार के सदस्यों पर संपत्ति बटवारे को लेकर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है।

जैनब के अनुसार, आसिम और मुकर्रम ने घर के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में उसपर लाठी-डंडों से हमला किया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए धमकी दी कि उसे संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं मिलेगा।

महिला ने बताया कि इस हमले में उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जिम्बाब्वे ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में नामीबिया को हराया

**बुलावायो, वार्ता।** ब्रायन बेनेट (94) और तदिवानाशे मारुमनी (62) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में नामीबिया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 34 रनों से हरा दिया। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में मालन क्रूगर (13) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जान फाइलिन्क, जान निकोल लॉफ्टी-ईटन की जोड़ी ने दूसरे विकेट लिये 56 रन जोड़े। आठवें ओवर में सिकंदर रजा ने जान फाइलिन्क (21) को पगबाधा आउट कर जिम्बाब्वे को दूसरी सफलता दिलाई।

### सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को देगी प्रतिभा दिखाने का अवसर : पंकज

**महराजगंज, वार्ता।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि 14 अक्टूबर से शुरु होने वाले सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में आयोजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। सांसद खेल स्पर्धा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि इस वर्ष सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 14 अक्तूबर से 25 दिसम्बर के बीच किया जाएगा।

# हैंडशेक कंट्रोवर्सी ने बिगाड़ा खेल

- **एशिया कप से हट सकता है पाक**
- **पीसीबी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट को हटाने पर अड़ा**
- **राशिद लतीफ ने कहा, जंग लड़ लो**



**दुबई, वार्ता।** भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान यूएईमें चल रहे एशिया कप से हट सकता है। रविवार को दुबई में हुए मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया था।

टॉस के वक्त भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। पाकिस्तान ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट से की। आरोप लगाया कि भारतीय टीम ने खेल भावना नहीं दिखलाई। पीसीबी का मानना है कि पायक्राफ्ट का व्यवहार पक्षपाती रहा है और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा नहीं होने पर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट सकता है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) या भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन ने सोमवार को कहा कि पीसीबी ने तत्काल पायक्राफ्ट को बाहर करने की मांग की है। उन्होंने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट और क्रिकेट के स्पिरिट का पालन नहीं किया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स भी विवाद में कूदे इस हैंडशेक कंट्रोवर्सी में पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स भी कूद गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि अगर पहलगाम की ही बात है तो भारत हमसे जंग लड़ ले। क्रिकेट में इन बातों को न लाए। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि भारतीय टीम ने मैच में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन, यह सिर्फ क्रिकेट मैच था। इसमें राजनीति नहीं लानी चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कहा कि क्रिकेट को क्रिकेट ही रहने दें, इसमें सियासत न करें। दावा मैच रेफरी ने हैंडशेक से रोका पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का दावा है कि टॉस के वक्त मैच रेफरी ने दोनों टीमों को हाथ मिलाने की हिदायत दी है। पीसीबी का मानना है कि मैच रेफरी ने ऐसा भारतीय टीम के दबाव में किया है। रेफरी की यह हरकत आपत्तिजनक और उन्हें टूर्नामेंट से हटाया जाना चाहिए। सूर्या ने कहा था कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं मैच के बाद हैंडशेक कंट्रोवर्सी पर भारतीय कप्तान ने कहा कि कुछ बातें खेल भावना से ऊपर होती हैं। टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला बीसीसीआई और भारत सरकार की सहमति से लिया था। भारतीय टीम पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ खड़ी है और यह जीत भारतीय सैन्य बल को समर्पित है। बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाक समर्थक आतंकियों ने 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

## कप्तान सूर्य कुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की

- **सिक्स के साथ जिताया मैच दुबई स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारे**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित कर दी।

सूर्या और टीम इंडिया का मैसेज साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए आपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थी। खास बात यह रही कि मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टास के वक्त भी सूर्या ने चझ कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में टॉस के वक्त और मैच के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों का हाथ-मिलाना कर्टसी माना जाता है। मतलब एक-दूसरे के लिए सम्मानजनक व्यवहार। भारतीय टीम ने संदेश दे दिया कि एशिया कप में खेलना इस टूर्नामेंट के लिए उसका कमिटमेंट है, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से कर्टसी निभाने का उनका कोई इरादा नहीं है। भारत ने खेल में भी कोई कर्टसी नहीं दिखाई और एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया।

## सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा:हेसन

- **हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और सब जानते है कि बीच ओवरों में हम पर दबाव बना**

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** पाकिस्तान की टीम के कोच माइक हेसन ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए पाकिस्तान को बेहतर क्रिकेट खेलना होगा। भारत के हाथों मिली सात विकेट से हार के बाद हेसन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज हम परास्त हुए।

मुझे नहीं लगता कि हम इससे बच सकते हैं। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने शायद 20 या 30 रन कम बनाए और हम सब जानते हैं कि बीच के ओवरों में हम पर दबाव बना। एक अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने बहुत कुछ करने की ज़रूरत है, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान में कड़ी टक्कर दी, हालांकि स्कोर काफी नहीं था। हेसन ने कहा कि पिछले कुछ मैचों तक, साहिब. जादा फरहान और सैम अयूब ने सलामी बल्लेबाजी करते हुए 40 की औसत से रन बनाए थे और उन्होंने खास तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया था। सैम हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी हैं और किसी भी टीम के लिए अच्छी शुरुआत करना बेहद जरूरी है। चार मैच पहले, हम ऊपरी क्रम में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, हमने वहां थोड़ी लय खो दी है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि ये दोनों जल्द ही स्थिति बदल देंगे। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में, शुरुआत में हम थोड़े ज्यादा ही आक्रामक थे। गेंद पिच पर रूक रही थी, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, लेकिन हम उतनी अच्छी प्रतिक्रिया नहीं दे पाए।

## सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

**एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा**

**दुबई, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवार्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंद. ुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185. 3 ओवर डाले। ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफार्म किया। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड एक पुरस्कार है, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) हर महीने प्रदान करता है। यह अवार्ड मेंस और विमेंस कैटेगरी में दिया जाता है। यह पुरस्कार हर महीने के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर हर कैटेगरी के 3 प्लेयर्स को नामिनेट किया जाता है। इनका चुनाव स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी करती है।





## सेंट्रल जोन 7वीं बार बना दलीप ट्रॉफी चैंपियन

- **फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने**

**बेंगलुरु, वार्ता।** सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है।

इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुक. ाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर आलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टास जीतकर पहले बालिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 362 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरी पारी में सेंट्रल जोन ने 4 विकेट गंवाए सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी में 65 रन बनाने में ही 4 विकेट गंवा दिए। हालांकि टीम ने यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए दूसरी पारी में अक्षय वाडकर 19 और यश राठौड़ 13 रन बनाकर नाबाद रहें। कप्तान रजत पाटीदार ने 13, शुभम शर्मा ने 8, दानिश मालेवार ने 5 और सारांश जैन ने 4 रन बनाए। साउथ जोन की ओर से गुरजापनीत सिंह और अंकित शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। सेंट्रल जोन के सारांश जैन ने टूर्नामेंट में 16 विकेट और 136 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। 194 रन बनाने वाले यश राठौड़ को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरी पारी में साउथ जोन ने फाइट दिखाई दूसरी पारी में साउथ जोन से तन्मय अग्रवाल ने 26, मोहित काले ने 38, रविचंद्रन स्मरण ने 67 और रिकी भुई ने 45 रन की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन 27 और सलमान निजार 12 रन बनाकर आउट हुए। साउथ जोन ने 222 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। यहां टीम पर पारी की हार की खतरा मंडरा रहा था। तब आंद्रे सिद्धार्थ और अंकित शर्मा ने सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को 400 के पार पहुंचा दिया। अंकित 99 रन बनाकर आउट हुए, उनके विकेट के बाद टीम बिखर गई।

## एशिया कप में अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा

**अबू धाबी, वार्ता।** एशिया कप में बांग्लादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा।

वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बांग्लादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बांग्लादेश को दो में सफलता मिली है। बांग्लादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बांग्लादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है।

## कुलदीप, अक्षर व वरुण ने मेहनत की और अच्छा प्रदर्शन किया: सूर्या

- **एक बार जब आप मैदान पर आते है तो देख सकते है कि वे कितनी अच्छी तरह से तैयारी के साथ आए है**

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छा प्रदर्शन किया।

रविवार रात पाकिस्तान को सात विकेट से हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार यादव से जब पूछा गया कि क्या भारत की स्पिन तिकड़ी कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें जन्मदिन का सही उपहार दिया है, तो उन्होंने मजाक में कहा, मैंने उन सभी को मिलाकर 12 ओवर दिए, यह मेरी ओर से रिटर्न गिफ्ट था। वे सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, आप इसे अभ्यास में देख सकते हैं। वे वास्तव में अच्छी तैयारी करना चाहते हैं। एक बार जब आप मैदान पर आते हैं, तो आप देख सकते हैं कि वे कितनी अच्छी तरह तैयार हैं। और वे अपनी योजनाओं को लेकर बहुत स्पष्ट हैं, यही मैं चाहता हूं। जब मैं मैदान पर होता हूं तो इससे मेरा काम बहुत आसान हो जाता है। वे क्षेत्ररक्षण से खुश हैं और जिस छोर से वे गेंदबाजी कर रहे हैं उससे भी खुश हैं। तीनों स्पिनरों को अच्छा प्रदर्शन करते देखना अच्छा है, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह उनका अच्छा साथ दे रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कैसे करनी है और किसे निशाना बनाना है, इस बारे में भारत की योजना अक्सर विरोधी टीम को ध्यान में रखकर बनाई जाती थी।

उदाहरण के लिए, रविवार को, फखर जमान जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज के क्रीज पर होने के बावजूद अक्षर को गेंदबाजी कराने का फैसला एक योजना का हिस्सा था, भले ही यह उनके 'पारंपरिक मैचअप' के विपरीत था। भारत के गेंदबाज़ी प्रदर्शन का दूसरा पहलू बुमराह का इस्तेमाल करने का तरीका था। जब उन्होंने यूएई के खिलाफ तीन ओवर पहले गेंदबाजी की, तो माना जा रहा था कि यह कदम बड़ी चुनौतियों से पहले स्वयं को थोड़ा और मजबूत बनाने के लिए उठाया गया होगा। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ भी बुमराह का इस्तेमाल इसी तरह किया गया।

सूर्यकुमार ने इसे भारत की योजना का हिस्सा बताते हुए कहा कि वे अपने सभी गेंदबाजो को जिम्मेदारी लेने पर मजबूर करना चाहते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आज तक हमने उनसे पावरप्ले में दो ओवर ही कराए हैं, उन्होंने कभी पावरप्ले में तीन ओवर नहीं डाले। उन्होंने आगे कहा कि हम उन्हें एक आक्रामक विकल्प के रूप में इस्तेमाल करके बहुत खुश हैं। अगर वह दो विकेट ले लेते हैं, भले ही वह अपने ओवरों का एक सीमित स्पेल ही क्यों न फेंकें, तो बाद में हमें सभी स्पिनरों के लिए एक अच्छा सहारा मिल जाएगा और हमारा काम थोड़ा आसान हो जाएगा।

## दस देश हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे

- **अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा**

**लॉजेन, स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत सहित 10 देश नौ दिसंबर से 2025 से आयरलैंड और अर्जेंटीना में शुरु होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन सात की मेजबानी करेंगे। जर्मनी बनाम बेल्जियम पुरुष टीम के बीच आयरलैंड में इस सीजन की शुरुआत होगी। इसी दिन अर्जेंटीना में पुरुष चैंपियन नीदरलैंड्स का सामना लीग में पदार्पण कर रहे पाकिस्तान से होगा।

बेल्जियम, इंग्लैंड और जर्मनी की पुरुष टीमें, साथ ही बेल्जियम, इंग्लैंड और आयरलैंड की महिला टीमें आयरलैंड में अपने पहले मैच खेलेंगी। अर्जेंटीना में क्रमशघ नीदरलैंड और पाकिस्तान की पुरुष टीमों, और जर्मनी और नीदरलैंड की महिलाओं से भिड़ेंगी। लीग का समापन 28 जून 2026 को बेल्जियम, जर्मनी और इंग्लैंड के बीच रोमांचक मुकाबलों के साथ होगा। भारत में मुकाबले की शुरुआत 10 फरवरी 2026 से होगी। इस



सीजन में आयरलैंड की महिला और पाकिस्तान की पुरुष टीमें पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। दोनों को एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024-25 के जरिए पदोन्नत किया गया है। गत विजेता नीदरलैंड की पुरुष और महिला टीमें अपने खिताब का बचाव करने मैदान में उतरेगी। 2025-26 सीजन के दौरान 10 देश एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैचों की मेजबानी करेंगे।

**आयरलैंड** (9-14 दिसंबर 2025) - आयरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड (महिला) और बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी (पुरुष)

**अर्जेंटीना** (9-14 दिसंबर 2025) - अर्जेंटीना, जर्मनी, नीदरलैंड (महिला) और अर्जेंटीना, नीदरलैंड, पाकिस्तान (पुरुष)

**चीन** (5-10 फ़रवरी 2026) - चीन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (महिला)

**स्पेन** (5-10 फ़रवरी 2026) - स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी (महिला) और स्पेन, इंग्लैंड, नीदरलैंड (पुरुष)

**ऑस्ट्रेलिया** (10-15 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, आयरलैंड (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, पाकिस्तान (पुरुष)

**भारत** (10-15 फ़रवरी 2026) - भारत, अर्जेंटीना, बेल्जियम (पुरुष)

**ऑस्ट्रेलिया** (20-25 फ़रवरी 2026) - ऑस्ट्रेलिया, चीन, स्पेन (महिला) और ऑस्ट्रेलिया, भारत, स्पेन (पुरुष)

**इंग्लैंड** (13-21 जून 2026) - इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी (महिला) और इंग्लैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया (पुरुष)

**नीदरलैंड** (13-21 जून 2026) - नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन (महिला) और नीदरलैंड, जर्मनी, भारत (पुरुष)

**बेल्जियम** (13-21 जून 2026) - बेल्जियम, अर्जेंटीना, चीन (महिला) और बेल्जियम, पाकिस्तान, स्पेन (पुरुष)

**बेल्जियम** (23-28 जून 2026) - बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (महिला) और बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड (पुरुष)

**जर्मनी** (23-28 जून 2026) - जर्मनी, चीन, आयरलैंड (महिला) और जर्मनी, अर्जेंटीना, स्पेन (पुरुष)

**इंग्लैंड** (23-28 जून 2026) - इंग्लैंड, अर्जेंटीना, स्पेन (महिला) और इंग्लैंड।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब

**जयपुर, वार्ता।** जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को हराकर चिंकारा पोलो कप के 15वें संस्करण का खिताब जीत लिया है।

रक्षा सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राजस्थान में जयपुर की सैन्य छावनी के 61 कैवलरी पोलो ग्राउंड में आयोजित फाइनल मुकाबले में जयपुर पोलो टीम ने कोग्निवेरा स्टैलियंस को 8-7 से पराजित कर चिंकारा पोलो कप का खिताब अपने नाम किया। चिंक. ारा पोलो कप 2025 का फाइनल नाटकीय अंदाज में समाप्त हुआ। इसमें दर्शकों को अंतिम सीटी बजने तक बांधे रखा।

दर्शकों ने घुड़सवारी की कलात्मकता, खेल की भव्यता और उत्कृष्टता की खोज देखी जो सच्चे चैंपियन को परिभाषित करती है। 61 सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने विजेता टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान की। लांस वॉटसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुर टीम के लिए सर्वाधिक अंक जुटाए।

# संतुलित फैसला

सोमवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और न्यायमूर्ति आंगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर अपने अंतरिम फैसले में पूरी तरह रोक लगाने से इन्कार कर दिया, लेकिन साथ ही कहा कि अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक रहेगी। पीठ ने यह भी कहा कि अदालतों को संसद द्वारा बनाए गए कानून की वैधता माननी चाहिए और केवल दुर्लभतम मामलों में ही स्थगन देना चाहिए। 22 मई को अदालत ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं (जिनकी संख्या सौ से अधिक है) के एक समूह पर अंतरिम रोक लगाने के अनुरोध पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने इन याचिकाओं पर गहनता से विचार किया और पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता, लेकिन पीठ ने यह भी माना कि कुछ धाराओं को कुछ संरक्षण की आवश्यकता है। जैसे पीठ ने कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का न्याय निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने साफ कहा कि अगर ऐसा होता है तो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन होगा। ठीक इसी तरह पीठ का यह भी कहना था कि केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में क्रमश: 22 और 11 सदस्यों में से तीन से अधिक गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिएं। हालांकि ऐसा कहते हुए यह भी साफ किया कि यह न्यायालय कोई निर्देश जारी नहीं कर रहा है। फिर भी उचित यही होगा कि पीठ ने पांच साल तक इस्लाम का पालन के मानदंड के कार्यान्वयन पर भी रोक लगा दी। ऐसा करते हुए पीठ का कहना था कि जब तक नियम नहीं बन जाते तब तक वक्फ संपत्ति घोषित होने से पहले इस पर रोक रहेगी। पीठ का मानना है कि बिना किसी तंत्र के यह मनमाने शक्ति के प्रयोग को बढ़ावा देगा। अब असली तस्वीर तो तभी साफ होगी जब पीठ का संपूर्ण फैसला आएगा, लेकिन फिल्हाल आए फैसले से सभी पक्ष संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। जहां केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने उच्चतम न्यायालय के वक्फ अधिनियम 2025 पर आए निर्णय का स्वागत किया है और इस निर्णय को लोकतंत्र के हित में बताया है वहीं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी समि. के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने भी पीठ के फैसले की सराहना की है और कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय द्वारा मुस्लिम पक्ष की दलीलों को स्वीकार करने के आदेश का स्वागत करते हैं और उम्मीद जताई कि इस मामले पर पूरा फैसला आने पर मुसलमानों को पूर्ण राहत हासिल होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उम्मीद थी कि पूरे एक्ट पर स्टे लिया जाएगा, लेकिन कुछ अहम बातों पर स्टे लिया गया, जिसका वह स्वागत करते हैं। उनके अनुसार अभी पूरा फैसला आना बाकी है, उम्मीद करते हैं कि हमें रिलीव हासिल होगी। निश्चित रूप से कोर्ट को जो अंतरिम फैसला आया है वह बेहद संतुलित है और तर्कसंगत भी है, जबकि सरकार की भाषा से लगता है कि वह फैसले से इतनी खुश नहीं है और वह यही दुहाई दे रही है कि संसद के पास कानूनों में अदालतों को ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

## ...तो सिख कैसा महसूस करेंगे



वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश है, हम उम्मीद करते हैं कि शीर्ष कोर्ट इस पूरे कानून पर जल्द अंतिम फैसला सुनाए और सुनवाई शुरू हो, सीओ की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह व्यक्ति जहां तक संभव हो मुस्लिम होना चाहिए, अब सरकार यही कहेगी कि उन्हें कोई योग्य मुस्लिम नहीं मिला, जो पार्टी किसी मुसलमान को सांसद का टिकट नहीं देती, जिसके पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, क्या वह मुसलमान अधिकारी चुनेगी, खुफिया विभाग में कितने मुसलमान अधिकारी हैं, वे वक्फ में गैर मुसलमानों की नियुक्ति करेंगे, यह संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) में किसी गैर-सिख को सदस्य बना दिया जाए तो सिख कैसा महसूस करेंगे।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

# नेपालः सुशीला कार्की के समक्ष चुनौतियों का पहाड़



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल के अंतरिम सरकार की नवनियुक्त प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार ग्रहण करने के बाद मातहतों के साथ संक्षिप्त बातचीत में साफ कर दिया है कि वे सत्ता का स्वाद चखने नहीं आई हैं, छह महीने बाद होने वाले चुनाव के बाद वे नए प्रतिनिधि सभा को सत्ता की चाभी सौंप देंगी। हां इस दौरान उनकी पूरी कोशिश होगी कि नेपाल अब साफ सुथरी और ईमानदार सरकार के हाथ में हो। इसके लिए संघर्षशील व ईमानदार युवाओं को आगे आना होगा।

उन्होंने जो दूसरी बड़ी बात कही वह नेपाल को तहस-नहस करने वालों की शिनाख्त कर उन्हें सजा दिलाने की। सुशीला कार्की के लिए यह बड़ी चुनौती है, क्योंकि आंदोलन तो जेन जी के हाथ में था और उन्हीं की सहमत से वह प्रधानमंत्री बनीं हैं तो क्या जेन जी के आंदोलन में दूसरे लोग भी घुस आए और देखते देखते नेपाल को राख में तब्दील कर दिया? ये दूसरे लोग आखिर कौन हो सकते हैं? इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। हर जुबान पर अलग-अलग चर्चाएं हैं। अब अगर जेन जी के आंदोलन में भारी संख्या में उपद्रवी घुस आए और काठमांडू से लेकर नेपाल के मैदानी इलाकों तक आंदोलन को हिंसात्मक बना डाला तो यह मानना होगा कि वे कितने मुस्तैद थे? प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व का मौजूदा प्रशासन इन उपद्रवियों की शिनाख्त कैसे और किस आधार पर करता है यह देखने वाली बात होगी। भारी हिंसा के बीच पदासीन हुईं सुशीला कार्की के समक्ष सिर्फ यही चुनौती नहीं है, देखें तो उनके समक्ष चुनौतियों का पहाड़ है। उम्मीद है कि इस सबके बावजूद वे जले बिखरे और टूटे फूटे नेपाल को नया जीवन दे पाने में कामयाब होंगी। सुशीला कार्की न्याय विद के साथ एक राजनीतिक परिवार से जुड़े रहने के नाते वे परिपक्व राजनीतिज्ञ भी हैं। इसकी झलक तब देखने को मिली जब जेन जी के तरफ से उनका नाम फाइनल होने के बाद भी वह प्रधानमंत्री बनने को लेकर हड़बड़ी में नहीं दिखीं। प्रधानमंत्री पद की शपथ उन्होंने तभी ली जब राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल को संसद विघटन की उनकी मांग को मानना पड़ा। सुशीला कार्की के इस बात के सभी कायल हुए कि यदि पुराने प्रतिनिधि सभा का ही नेतृत्व करना है तो भ्रष्टाचार जिसके खिलाफ इतना बड़ा आन्दोलन हुआ, उससे पार पाना संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वह एक भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व नहीं करना चाहेंगी।

सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुवेदी का ताल्लुक नेपाली कांग्रेस से थे जिन्हें स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का नजदीकी माना जाता है। दुर्गा प्रसाद सुवेदी पर 1973 में रायल नेपाल के जहाज



के अपहरण का भी इल्जाम है। हालांकि यह एक आंदोलन का हिस्सा थे। इस घटना पर उनकी एक पुस्तक की खूब चर्चा रही। बहरहाल सुशीला कार्की के पति का नेपाली कांग्रेस से ताल्लुक होने का कोई छाप इन पर नहीं है और न ही नेपाली जहाज के अपहरण से भी इनका कोई लेना देना रहा। वह तब भी अपनी मर्जी की मुख्तार थीं और आज भी। बतौर न्यायाधीश उनके कई फैसले चर्चा में रहे जिसमें नेपाली कांग्रेस के एक मुस्लिम नेता के खिलाफ फैसला राजनीतिक गलियारों में भूचाल जैसा था। उनकी जो कार्यशैली और दृढ़ इच्छाशक्ति है नि:संदेह नेपाल को उसका फायदा मिलेगा। यद्यपि कि समय कम है, छह महीने बाद होने वाले चुनाव का परिदृश्य क्या होगा, इस पर कुछ भी कयासबाजी ठीक नहीं है। आगामी चुनाव को लेकर भारत विरोधी और भ्रष्टतम सरकार का नेतृत्व करने वाले केपी शर्मा ओली को सत्ता से उखाड़ फेंकने वाले जेन जी के नौजवानों का रुख अभी स्पष्ट नहीं है। वह अलग कोई राजनीतिक दल गठित करेंगे या मौजूदा किसी दल के साथ आएंगे, यह भी तय नहीं है। भविष्य के नेपाल में साफ-सुथरी सरकार के लिए उन युवाओं का राजनीतिकरण जरूरी है। बेहद कम समय में सुशीला कार्की के समक्ष नेपाल को फिर से सजाने संवारने की चुनौती भी है। आगजनी और तोड़फोड़ में नेपाल को अरबों-खरबों का नुकसान हुआ है। नेपाल को फिर से बनाने में इतनी बड़ी रकम जुटाना आसान नहीं है। इसके लिए कौन-कौन देश आगे आता है, यह काफी कुछ नई सरकार के विदेश नीति पर निर्भर करेगा। टूरिस्ट जो नेपाल के आर्थिक स्रोत का बड़ा जरिया है, उसे स्थापित करना भी बड़ी चुनौती है । नेपाल यूं तो आंदोलनों का देश है। सबसे भयावह आंदोलन लो. कतंत्र बहाली को लेकर था, जिसे जनयुद्ध के नाम से भी जाना जाता है, उसमें जनहानि खूब हुई लेकिन सरकारी इमारतों को क्षति नहीं पहुंचाई गई थी। बीच बीच में और भी तमाम आंदोलन हुए लेकिन वे इतना भयाक्रांत नहीं रहे। इस बार के आंदोलन की भयावहता देख भारत सहित अन्य देशों के टूरिस्टों का रुख नेपाल की ओर होने में वक्त लगेगा। काठमांडू में भारतीय पत्रकारों को चुन-चुन कर मारा गया यह जानते हुए कि जले भुने नेपाल के पुनर्निर्माण में भारत ही मुख्य सहायक होगा। दरअसल यह सब भारत के प्रति ओली सरकार द्वारा बोए गए जहर का ही असर था। कुछ वर्ष पूर्व आए भूकंप से नेपाल में जितनी तबाही नहीं हुई थी, नेपाली युवाओं ने अपने हाथों से नेपाल को उससे बड़ी त्रासदी दे दी। सरकार निकम्मी थी, उसे हटाने के लिए आंदोलन ठीक था, लेकिन सरकारी संपत्तियों को सुपुर्द-ए-खाक करना नादानी है। काठमांडू से लेकर नेपाल के तमाम शहरों कस्बों में जले हुए मकान, सरकारी इमारतों को देख ऐसा लगता है कि इसका पुनर्निर्माण आसान नहीं है। हर जुबान पर चर्चा है कि अब पशुपतिनाथ ही नेपाल को नया जीवन दे पाएंगे। सुशीला कार्की की जिद भ्रष्टाचार मुक्त नेपाल बनाने के साथ भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की भी है। नेपाल में अभी जितने भी राजनीतिक दल है, उसके सारे बड़े नेताओं के हाथ भ्रष्टाचार से सने हैं, ऐसे में राजनीति से भ्रष्टाचार खत्म करना भी बड़ी चुनौती है। राजधानी काठमांडू जिसे काष्ठमंडप भी कहा जाता था, अब स्वाहा हो चुका है। मात्र 48 घंटे की अराजकता में नेपाल बर्बाद हो गया। सरकार और विपक्ष भाग खड़े हुए। मंत्रियों को अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागना पड़ा। उन्हे घर के पिछवाड़े, नदी नालों में कूद कर भागते हुए देखा गया। आंदोलनकारियों के पकड़ में जो आए उनकी जमकर कुटाई हुई। युवाओं में सरकार हो या विपक्ष सभी नेताओं के प्रति ऐसा गुस्सा था कि चाहे संसद भवन हो या राष्ट्रपति कार्यालय, सिंह दरबार हो या रेवन्यू भवन सब में आग लगा दी गई। सारे जरूरी दस्तावेज जलकर स्वाहा हो गए। जेलों से भारी संख्या में कैदी फरार हो गए। पूर्व प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री, दर्जनों मंत्रियों के आवास फूंक दिए गए। भारत नेपाल संबंधों को नया आयाम देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्हें नेपाल का गांधी भी कहा जाता है, स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला की प्रतिमा पर वीरगंज में हथौड़ा चलाते हुए देखा गया। इधर जेन जी समूह में इस बात को लेकर वैचारिक मतभेद भी था कि अंत. रिम सरकार का नेतृत्व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा का हो या राज संस्था विचारधारा का? सुशीला कार्की की शिक्षा वाराणसी के बीएचयू में भी हुई है और यह भारत के प्रधानमंत्री को फालो करती हैं। जेन जी समूह के 40 प्रतिशत से अधिक युवाओं की यह पहली पसंद थीं। जेन जी का यह सही फैसला था कि उन्होंने एक साहसी न्यायविद महिला को अंत. रम सरकार का मुखिया चुना। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला न्यायाधीश थीं, अब पहली महिला प्रधानमंत्री का खिताब भी उनके खाते में दर्ज हुआ। राजशाही के जमाने से ही नेपाल का भारत से उतार-चढ़ाव जैसा संबंध रहा है। लोकतंत्र बहाली के बाद ज्यादातर नेपाली सरकारें भारत से मतलब भर का संबंध रखती थी। अभी अभी तख्तापलट के शिकार हुए ओली की शिनाख्त कट्टर भारत विरोधी की रही है। उन्होंने नेपाल की जनता में भारत के खिलाफ जहर घोलने में कोई कसर नहीं छोड़ा। सत्ता से हटने के बाद भी सेना के कैंप शिवपुरी से उन्होंने तख्तापलट के लिए मनगढ़ंत कहानियों के साथ भारत पर आरोप मढ़ा है। भारत नेपाल के बीच असहमतियां हैं, इसे लेकर प्रधानमंत्री सुशीला कार्की का क्या रुख होता है, यह भी गौरतलब होगा। सनातनी विचारधारा से लैस पूर्व न्यायाधीश सुशीला कार्की के हाथ नई सरकार की कमान भारत के लिए सुखद संकेत है। इस बात की कामना की जानी चाहिए कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में नेपाल में लोकतंत्र मजबूत हो और वह फिर से उठा खड़ा होने में सक्षम हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाली युवाओं के आक्रोश का असर

**भविष्य में ऐसे विद्रोह की पुनरावृत्ति को रोकने और शासन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र एंटी करप्शन कमीशन बनाया जाए जो राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त हो। साथ ही करेप्ट नेताओं पर मुकदमे चलाए जाएं। रोजगार सृजन हेतु युवा केंद्रित नीतियां -आईटी हब, कृषि सुधार अपनाए जाएं। एमसीसी ग्रांट को पारदर्शी तरीके से उपयोग में लाया जाए। साथ ही राजनीतिक स्थिरता हेतु चुनाव सुधार और राजनीति में युवाओं को शामिल किया जाए। इस समय नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय सहायता की नितांत आवश्यकता है।**



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

युवा शक्ति का पुंज है, भुजदंडों में जान। मेधा से सम्प्रक्त यह, रचता नए विधान। युवा उल्ट है वायु का, अंधड़ न बन जाए, इसकी मेधा -शक्ति का सभी करो सम्मान। ये पंक्तियां 8 सितंबर 25 को नेपाल की सड़कों पर उतरे युवाओं के विरोध प्रदर्शन की सटीकता को उद्घाटित करती हैं। हिमालय की गोद में बसा एक छोटा सा देश नेपाल आज एक अभूतपूर्व राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है जिसे जनरेशन-जी विद्रोह के नाम से जाना जाएगा, क्योंकि इस विद्रोह में जनरेशन-जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जो नेपाल की आबादी का लगभग 30 प्रतिशत है। जेन-जी वह आबादी है जिसका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है। 4 सितम्बर 2025 को ओली सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाया, जिसे युवाओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जबकि सरकार ने इन प्लेटफार्म्स को फेक न्यूज फैलाने और विदेशी हस्तक्षेप का दोषी ठहराया। हामी नेपाल संगठन के लीडर व सामाजिक कार्यकर्ता सुदन गुरुंग ने सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं को एकजुट कर आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सोशल मीडिया प्रतिबंध का मुद्दा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और अक्षम शासन के खिलाफ लड़ाई है। इससे युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा क्योंकि ओली सरकार पर भाई-भतीजाबाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और विगत वर्षों में सड़क निर्माण और बिजली परियोजनाओं में अरबों का घोटाला सामने आ चुका है। साथ ही युवा वर्ग पहले से ही शासक वर्ग के परिवारों को ठेके और नौकरियों में प्राथमिकता देने से नाराज था।

इसके साथ ही 2024 में ओली सरकार द्वारा दो बार गठबंधन बदलने से राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी और सत्ता परिवर्तन ने जनता का विश्वास तोड़ा। रैपर से मेयर बने बालेन शाह ने फेसबुक पर जेन -जी के नेतृत्व में शुरू हुए आंदोलन को समर्थन किया। बालेन, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण नेपाल के युवाओं में बहुत अधिक लोकप्रिय हैं। आर्थिक असमानता और बेरोजगारी के कारण नेपाल के युवा त्रस्त हैं, उनके समर्थन से युवाओं के गुस्से को बल मिला। नेपाल की अर्थव्यवस्था मंदी से ग्रस्त है। नेपाल की अर्थव्यवस्था पर्यटन और रेमिटेंस अर्थात प्रवासी नेपाली मजदूरों से आने वाला धन, पर निर्भर है, यह व्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन बढ़ा है, लेकिन युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं, जबकि नेताओं के परिवार लगातार अमीर हो रहे हैं, बुनियादी ढांचे में निवेश कम है। जनरेशन-जी को लगा कि विकास का मॉडल टूट चुका है, इस विचार ने विरोध प्रदर्शनों में ईंधन का काम किया। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्र और राजशाही समर्थक समुदाय भी एक कारक हैं, जिनको लगा कि हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान खोती जा रही है। इन कारणों ने एक ज्वालामुखी का रूप धारण कर प्रदर्शन को हिंसक बनाया जिससे 19 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हैं, संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास और अन्य सरकारी इमारत में आग लगा दी गई। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को त्यागपत्र देना पड़ा। विद्रोह को रोकना समय की मांग है किन्तु यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन संकट से उबरने के लिए हमें सार्थक उपाय करने होंगे ताकि वर्तमान संकट को शांत करके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। इस हेतु तात्कालिक रूप से सेना को राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर रहकर अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक को आमंत्रित कर संवाद शुरू करना चाहिए। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटा लिया गया है लेकिन फेक न्यूज पर नियंत्रण के लिए पारदर्शी नीति बनाई जानी जाए। साथ ही बेरोजगारों को आर्थिक राहत देते हुए बेरोजगारी भत्ता देने की व्यवस्था हो। पर्यटन को पुनर्जीवित किया जाए तथा विश्व बैंक से आपातकालीन फंड मांगे जाएं, ताकि नेपाल की अर्थव्यवस्था और निर्माण को पटरी पर लाया जा सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओजोन परत के बिना असंभव पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन का अस्तित्व

**विश्व ओजोन दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदाई माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है।

प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। यह थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विज्ञान की भूमिका और आवश्यक वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा।



हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ए परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है।

ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैंगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 50 मुस्लिम देश

## ईरान ने कहाः इस्लामी देश इजरायल से रिश्ता तोड़ें, पाकिस्तान की नाटो जैसी फोर्स बनाने की सलाह

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन (ओआईसी) ने बुलाई है। इसका मकसद 9 सितम्बर को कतर पर हुए इजरायली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था।

यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजरायल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की। वहीं पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसे जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया। इस्लामिक कोआपरेशन की इमरजेंसी बैठक के लिए 50 से ज्यादा इस्लामी देशों के नेता कतर पहुंचे। रविवार को इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने दोहा में इजरायलके खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बंद कमरे में एक बैठक की थी। इस दौरान कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कतर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने कहा कि दुनिया भर के मुस्लिम इस बैठक पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र किया और कहा कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

इजरायल ने 9 सितम्बर कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इजरायली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा था कि इजरायल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है। जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। हमले के बाद कतर ने इजरायल की कड़ी आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया था और कहा था कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ की थी। उन्होंने कहा थी कि आतंकवादियों को दुनिया में कहीं भी इजरायलसे छूट नहीं मिलेगी।



### इजरायली हवाई हमले में यमन के 26 मीडियाकर्मी मारे गएः हूती

**समूह सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के हवाई हमले में मारे गए 46 लोगों में से 26 लोग स्थानीय मीडिया संस्थान के कर्मचारी थे। यमन के हूती समूह ने रविवार की इसकी जानकारी दी। एक बयान में हूती समूह ने कहा कि हमले में मध्य सना में तहरीर चौक पर स्थित दो समाचार पत्रों- 26 सितम्बर और अल-येमन के कार्यालय ध्वस्त हो गए। उन्होंने कहा कि इस हमले से उनका मीडिया संचालन कमजोर नहीं होगा। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि हमले में 165 लोग घायल हुए जिनमें महिला और बच्चे शामिल हैं। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतें और मलबे में खोजबीन कर रहे बचावकर्मियों का फुटेज जारी किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सैन्य शिविरों, हूतियों के जनसंपर्क मुख्यालय और एक ईंधन भंडारण स्थल को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने साथ ही कहा कि ये कार्रवाई हूती समूह द्वारा किये गए ड्रोन और मिसाइल हमले के जवाब में थी। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने इस हमले का जवाब देने की कसम खाई।



स्पेन। अललपार्डो से मैड्रिड तक ला वुल्टा साइकिल रेस के इक्कीसवें चरण के दौरान फलस्तीनी झंडे को लेकर विरोध प्रदर्शन कर नारे लगाते लोग।

### दोहा पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला-बदली पर बातचीत स्थगित

**गाजा।** हमास ने कहा है कि कतर की राजधानी दोहा में पिछले सप्ताह वार्ता के लिए गई उसके प्रतिनिधिमंडल पर इजरायली हमले के बाद कैदियों की अदला बदली के लिए इजरायल के साथ बातचीत निलंबित कर दी है। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ताहिर अल-नोनो ने एक बयान में कहा कि अगर बातचीत के लिए जिम्मेदार प्रतिनिधिमंडल पर देश के अंदर हमला होता है, तो बातचीत जारी नहीं रह सकती। हमास ने कहा कि पिछले मंगलवार को इजराइली हवाई हमलों में दोहा में उनके नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासीय परिसरों को तब निशाना बनाया गया, जब वे अमेरिका समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे थे। समूह ने कहा कि वरिष्ठ हमास अधिकारी खलील अल-हय्या के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बच गया। लेकिन हमास के पांच सदस्य और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए। अल-नोनो ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली, दोनों के प्रयासों में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 युवा नेता शामिल हुए

**नई दिल्ली।** असम के गुवाहाटी में आयोजित तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक देशों के 80 से अधिक युवा नेताओं ने शिरकत की। गत नौ से 11 सितम्बर तक आयोजित बिम्सटेक युवा नेता शिखर सम्मेलन, बिम्सटेक को और मजबूत करने के लिए छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषित 21-सूत्रीय कार्य योजना का हिस्सा था। शिखर सम्मेलन में 21वीं सदी के नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया-लचीला, समावेशी और विविधता के प्रति संवेदनशील। उद्यमिता, डिज़ाइन थिंकिंग और अंतर-सांस्कृतिक सहयोग पर सत्रों ने प्रतिभागियों को स्थाई, सामाजिक रूप से उत्तरदाई समाधान तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

### चीन, थाईलैंड संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण करेंगे

**बीजिंग।** चीन और थांईलैंड इस महीने के अंत में संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि ये प्रशिक्षण थाईलैंड में आयोजित होगा। एमएनडी वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, चीन इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कई प्रकार के विमान और जमीनी वायु रक्षा बलों को तैनात करेगा।

### इस्लामाबाद में डेंगू के 25 नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 24 घंटों में डेंगू बुखार के 25 नए मामले सामने आए हैं। जिला स्वास्थ्य कार्यालय (डीएचओ) के अनुसार नए संक्रमणों में से 13 ग्रामीण इलाकों में और 12 शहरी इलाकों में दर्ज किए गए, जिससे इस वर्ष राजधानी में डेंगू से पीड़ित लोगों की कुल संख्या 460 हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय कम से कम 21 मरीज शहर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं।

### कांगो इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू

**किंशासा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि कि मध्य कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में बुलापे स्वास्थ्य क्षेत्र में इबोला वायरस का टीकाकरण शुरू हो गया है। इस महीने की शुरुआत में कसाई प्रांत में इबोला वायरस का संक्रमण शुरू हुआ था। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि इस चरण में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों और इबोला वायरस संक्रमण के पुष्ट मरीजों का टीकाकरण किया जा रहा है।

# जेन-जैड ने सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा

## कहाः हमने कुर्सी पर बैठाया, हटाने में वक्त नहीं लगेगा, बिना सलाह के मंत्री चुनने का आरोप

**काठमांडू।** नेपाल में जेन-जैड-प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है।

इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेंकेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं। पीएम कार्की ने ओमप्रकाश आर्यल को गृह और कानून मंत्री, रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्री और कुलमान घिसिंग को ऊर्जा मंत्री नियुक्त किया है। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। कार्की ने तीन दिन पहले 12 सितम्बर को अंतरिम पीएम की शपथ ली थी। इस दौरान गुरुंग ने माथा टेकते हुए कार्की के पैर छुए थे। 36 साल के गुरुंग ने 8 सितम्बर को काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। वे हामी नेपाल नाम के एनजीओ के संस्थापक हैं। 2015 में बना यह संगठन आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भूकंप और बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में इसके सदस्य बचाव, भोजन और पानी की व्यवस्था करते रहे हैं। संगठन ने समय-समय पर छात्रों और प्रवासी नेपाली नागरिकों से जुड़े मुद्दे भी उठाए हैं। इसी साल भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के मामले में भी 'हामी नेपाल' ने खुलकर आवाज उठाई थी और सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा किए थे। दिलचस्प यह है कि यह संगठन आमतौर पर राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखता है। इसके इंस्टाग्राम पेज पर ज्यादातर मानवीय गतिविधियों की ही झलक मिलती है। ऐसे में काठमांडू विरोध का ऐलान गुरुंग के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। गुरुंग का नाम पहली बार राजनीतिक विवाद में तब आया था, जब उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले पर सवाल उठाए।



इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे, गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे, तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा

### नेपाल में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने नवगठित अंतरिम सरकार के तीन मंत्रियों को सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह काठमांडू स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित हुआ। इस दौरान पूर्व वित्त सचिव रमेशोर प्रसाद खनल ने वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि नेपाल विद्युत प्राधिकरण के पूर्व प्रबंध निदेशक कुलमन घीसिग ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रालय, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। ओम प्रकाश आर्यल गृह मंत्रालय और कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों के मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। आर्यल एक वकील हैं और काठमांडू के महापौर के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। गौरतलब है कि नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नामित किया गया था।

# गाजा में इजरायली हमले में सात फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** पश्चिमी गाजा में इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। चीन की समाचार समिति शिन्हुआ ने स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले बताया कि इजरायल ने रविवार को पश्चिमी गाजा में व्यापक हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

**इजरायल ने हवाई हमलों के जरिये अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलों को निशाना बनाया**

इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए अल-कौथर टॉवर, मुहन्ना टॉवर की ऊपरी मंजिलें और कई बहुमंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने विस्थापित लोगों के लिए 'फलस्तीन' शिविर को भी निशाना बनाया, जिसमें दर्जनों तंबू, आस-पास के घर और सुविधाएं, इस्लामिक विश्वविद्यालय, सामुदायिक कॉलेज और आसपास के आवासीय ब्लॉक शामिल हैं। गाजा स्वास्थ्य विभाग सूत्रों ने बताया कि तेल अल-हवा में बार्सिलोना पार्क के पास एक आवासीय इमारत पर हुए हवाई हमले में सात फलस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है, और उन्हें इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में दिखाया गया है कि नागरिक सुरक्षा दल मलबे से लोगों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। वीडियो में नष्ट हुई इमारतों के ऊपर धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा है।

# भारतीय मूल के नागरिक का सिर काटने पर भड़के ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः नरमी का समय खत्म, अब सजा मिलेगी, पत्नी-बेटे के सामने हुई थी हत्या**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल के चंद्रा नागमलैया की हत्या की निंदा की। उन्होंने इसे भयानक बताया। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा चंद्रा नागमल्लैया डलास के रहने वाले थे। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा के अवैध अप्रवासी ने बेरहमी से उनका सिर कलम कर दिया।

हमारे देश में ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि बाइडन प्रशासन ने इस अपराधी को रिहा कर दिया था और क्यूबा ने उसे वापस लेने से भी इन्कार कर दिया था। दरअसल, टेक्सास के डलास में 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की हत्या कर दी गई थी। ट्रम्प ने कहा कि अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी का समय अब खत्म हो गया है, अब सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने लिखा, निश्चिंत रहें, यह अपराधी हमारी हिरासत में है। उसे प्रथम डिग्री हत्या (सोची-समझी साजिश) का दोषी ठहराया जाएगा। उसे कड़ी सजा मिलेगी ट्रम्प ने अपनी टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम, अटार्नी जनरल पाम बान्डी और बार्डर जार टाम होमैन अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने का काम कर रहे हैं। 10 सितम्बर को भारतीय मूल के नागमलैया की अपने सहकर्मी, 37 साल के योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज के साथ टूटी हुई वाशिंग मशीन को लेकर विवाद हो गया था।

# बेलारूस पड़ोसी देशों को बिन मांगी सहायता नहीं देना चाहताः लुकाशेंको

**मिन्स्क।** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सोमवार को कहा कि बेलारूस अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। लुकाशेंको ने कहा कि उसके पास अपने पड़ोसियों की बिना मांगे सहायता करने की कोई योजना नहीं है। लुकाशेंको ने रूस की रज़वेदचिक समाचार पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस बिना आमंत्रण के अपने पड़ोसियों की सीमाएं पार करने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बेलारूस उन सभी के साथ मित्रता और सहयोग करने के लिए तैयार है जो ईमानदारी से ऐसा चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बेलारूस के प्रति पश्चिम की अमित्र नीति आक्रामक होती जा रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई विशेष जोखिम या प्रत्यक्ष सैन्य खतरा नहीं दिख रहा है।

# अमेरिका-चीन के बीच टिकटॉक पर बनी सहमति

## ट्रम्प ने दिए संकेत, कहाः अच्छी रही व्यापार वार्ता

**टिकटॉप चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच टिकटॉक को लेकर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिए हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। इसमें एक खास कंपनी को लेकर समझौता हुआ है। जिसे हमारे देश के युवा बचाना चाहते थे। इससे साफ है कि ट्रम्प ने टिकटॉक को लेकर समझौते के संकेत दिए हैं।

टिकटॉक चीन से जुड़ी कंपनी है, जिसे अमेरिकी कानून के अनुसार बेचना होगा अन्यथा परिचालन बंद करना होगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप में अमेरिका और चीन के बीच बड़ी व्यापार बैठक बहुत अच्छी रही। यह जल्द ही समाप्त हो जाएगी। एक खास कंपनी को लेकर भी समझौता हुआ, इसे हमारे देश के युवा बहुत बचाना चाहते थे। वे बहुत खुश होंगे। मैं शुक्रवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करूंगा। यह रिश्ता बहुत मजबूत बना हुआ है। मैड्रिड में अमेरिका और चीन के अधिकारियों के बीच नई दौर की आर्थिक और व्यापारिक वार्ता चल रही है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच संबंधों में कई जटिलताएं हैं। व्यापार विवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताएं और तकनीकी उद्योग पर बढ़ते तनाव ने दोनों देशों के रिश्ते और कठिन बना दिए हैं। इसके बावजूद, मैड्रिड की वार्ता को आने वाले समय में द्विपक्षीय रिश्तों के लिए अहम कदम माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा कई बार बढ़ा चुके हैं। पहली बार ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद टिकटॉक पर अमेरिका में प्रतिबंध लगा दिया गया था। दूसरी बार अप्रैल में समयसीमा बढ़ाई गई, जब टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी में बदलने की कोशिश हो रही थी, लेकिन ट्रम्प की टैरिफ घोषणा के बाद चीन के पीछे हटने से यह सौदा टूट गया था। तीसरी बार ट्रम्प ने जून में समयसीमा 90 दिन के लिए बढ़ाई। ज्पाज्वा की मूल कंपनी बाइटडांस चीन की है और अमेरिका को आशंका है कि यह एप यूजर्स का डेटा चीन सरकार के साथ साझा कर सकता है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए अमेरिका ने एक कानून पारित किया था, जिसके तहत बाइटडांस को ज्पाज्वा का मालिकाना अधिकार किसी अमेरिकी कंपनी को सौंपना होगा या फिर देश में इसका संचालन बंद करना पड़ेगा। एफबीआई और फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन दोनों ने चेतावनी दी थी कि बाइटडांस उपयोगकर्ता डेटा, जैसे ब्राउजिंग हिस्ट्री, लोकेशन और बायोमेट्रिक जैसी जानकारियों को चीन की सत्तावादी सरकार के साथ साझा कर सकता है।

# पाक राष्ट्रपति ने चीन में जे-10 फाइटर जेट फैक्ट्री देखी

## आसिफ अली जरदारी ने हथियारों की तारीफ की, भारत के खिलाफ संघर्ष में इनका हुआ था इस्तेमाल

**बीजिंग।** 10 दिन के दौरे पर चीन पहुंचे पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने चेंगदू स्थित चीन के एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स का दौरा किया। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक जरदारी इस जगह का दौरा करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। इस मौके पर उनके बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी और बेटी असीफा भुट्टो-जरदारी भी मौजूद थे।

जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों से मुलाकात की और चीन निर्मित विमानों की क्षमताओं की सराहना की। इस दौरान जरदारी ने काम्पलेक्स में जे-10 और जेएफ-17 थंडर विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा उन्होंने पांचवीं पीढ़ी के जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमान के बारे में भी जानकारी ली। जरदारी ने कहा कि जे-10 और जेएफ-17 ने पाकिस्तानी वायु सेना को मजबूत किया है और भारत के खिलाफ ये विमान पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और चीन रक्षा उत्पादन और विमानन में सहयोग का विस्तार करना जारी रखेंगे। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने एविएशन इंडस्ट्री काम्पलेक्स में विमानों के बनने की प्रक्रिया को समझा। जरदारी ने चीन की हाई-स्पीड ट्रेन का भी अनुभव लिया। वह चेंगदू से मियांयांग तक आधे घंटे की ट्रेन यात्रा पर गए। यात्रा के दौरान उन्होंने चीन की ट्रांसपोर्ट सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने पाल्यूशन फी इलेक्ट्रिक ट्रेन इंजन और भूकंप पूर्व चेतावनी तकनीकों को 'रेलवे इंजीनियरिंग का चमत्कार' बताया। चीनी अधिकारियों ने जरदारी को बताया कि चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा हाई-स्पीड रेल नेटवर्क है, जिसकी लंबाई 45,000 किलोमीटर से ज्यादा है। यहां ट्रेनें 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं और हर साल दो अरब से ज्यादा यात्रियों को ले जाती हैं। यह नेटवर्क लगभग सभी बड़े चीनी शहरों को जोड़ता है।



जरदारी ने कंपनी के इंजीनियरों व वैज्ञानिकों से मुलाकात की

# कैमरून के बार में विस्फोट में एक की मौत, चार घायल

**याउंडे।** कैमरून के एंग्लोफोन उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के एक बार में रविवार को हुए आईईडी विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोट क्षेत्र के बतिबो इलाके में हुआ। बम एक पुलिस स्टेशन के पास एक बार में लगाया गया था। एक क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों के एक समूह ने बार को निशाना बनाया क्योंकि पुलिसकर्मी अक्सर वहाँ जमा रहते हैं। हालांकि, विस्फोट के दौरान कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। सभी पीड़ित नागरिक थे जो दोस्तों और परिवार के साथ समय बिता रहे थे। किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने इस हमले के लिए क्षेत्र में सक्रिय अलगाववादी लड़ाकों को जिम्मेदार ठहराया है। अलगाववादियों ने सोमवार को स्कूलों के फिर से खुलने और अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को बाधित करने के लिए कैमरून के अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में एक महीने का लॉकडाउन शुरू किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108